53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:21, सूर्यास्त - 5:46 | वर्ष : 53/अंक : 287 शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025 कार्तिक, कृष्ण पक्ष, एकादशी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-8

न्यूनतम 20.2 °c
अधिकतम 32.0 °c

**पाठकों के लिए सूचना**

सम्मानित पाठकों को सूचित किया जाता है कि आज आपका प्रिय दैनिक समाचार पत्र मुजफ्फरनगर बुलेटिन 8 पृष्ठों का प्रकाशित किया जाता है। कृपया अपने हॉकर से आज के अंक के 8 पृष्ठ लेना न भूलें।
-सम्पादक

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

पंजाब के डीआईजी हरचरण भूल्लर पांच लाख की रिश्वत लेते पकड़े गए : चंडीगढ़



बड़े शर्म की बात है.... लेकिन रकम पद के हिसाब से रही......



53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 20.2°c
अधिकतम 32.0 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:21, सूर्यास्त - 5:46 | वर्ष : 53/अंक : 287 शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025 कार्तिक, कृष्ण पक्ष, एकादशी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये



**अमृतवाणी**

इंसान में बहुत से गुण हो सकते हैं, पर सब्र का गुण सभी गुणों में श्रेष्ठ है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

पंजाब के डीआईजी हरचरण भूल्लर पांच लाख की रिश्वत लेते पकड़े गए : चंडीगढ़



बड़े शर्म की बात है.... लेकिन रकम पद के हिसाब से रही......

# दीप पर्व की रौनक के साथ सज गया बाजार

**मुजफ्फरनगर, 16 अक्टूबर(बु.)।** धन तेरस और दिवाली के नजदीक आते ही शहर के तमाम बाजारों में रौनक शुरू हो गई है। शिवमूर्ति से सर्राफा बाजार की ओर भगत सिंह

## दुकानों से लेकर घरों तक नजर आने लगी रंग बिरंगी सजावट

रोड पर सड़क के बीच पटरी बाजार सज चुका है। शहर के अन्य प्रमुख बाजारों के साथ नई मंडी और गांधी कॉलोनी में भी दिवाली पर तमाम वस्तुओं की बिक्री के लिए पटरी पर दुकानें सज चुकी हैं। इनमें ज्यादातर गिफ्ट







आइटम, सजावटी सामान और घरेलू जरूरत और पूजा के सामान की अच्छी बिक्री की उम्मीद दुकानदार लगाए बैठे हैं।

धन तेरस में एक दिन बाकी है। पर्व 18 अक्टूबर को मनाया जाएगा। ऐसे में घरों और बाजारों की सज्जा के साथ तमाम दुकानदार भी धन तेरस से खासी उम्मीदें लगाए बैठे हैं। शहर में तमाम स्थानों पर दिवाली बाजार के रूप में पटरी दुकानदार सड़कों पर अपनी दुकानें सजा चुके हैं। शहर के सबसे व्यस्त भगत सिंह रोड पर कई दिनों से फड़ लगाने के लिए दुकानदारों में चल रही उठापटक और बीती रात हुए टकराव के बाद आज बाजार के बीचों बीच पटरी बाजार सज गया। शिवमूर्ति

शेष समाचार : पृष्ठ-8 पर

# स्मैक तस्कर अब्दुल की सारी संपति होगी जब्त

- आनंद देव मिश्र ने की थी 10 करोड़ की स्मैक बरामद
- उत्तर प्रदेश में सबसे पहली सबसे बड़ी कार्यवाही है यह

**बुढ़ाना, 16 अक्टूबर (बु.)।** पुलिस इंस्पेक्टर आनंद देव मिश्र ने लगभग दो माह पहले जिस तस्कर के पास से दस करोड़ रुपये की स्मैक बरामद की थी, उस तस्कर की अवैध रूप से अर्जित की गयी सभी सम्पत्ति जब्त होगी। बाकायदा इसके ऑर्डर आ चुके हैं। इस बात को पुलिस की बहुत बड़ी सफलता मानी जा रही है। दरअसल सहारनपुर रेंज के डीआईजी अभिषेक सिंह ने पूरे मंडल में ऑपरेशन सवेरा नाम का एक अभियान विगत् माह शुरू कर नशे का कारोबार करने वालों की कमर तोड़नी शुरू कर रखी है। इसी ऑपरेशन के तहत बीती 19 अगस्त को बुढ़ाना कोतवाली के तत्कालीन कोतवाल आनंद देव मिश्र ने दस करोड़ रुपये की कीमत की स्मैक बरामद की थी, जिसमें बुढ़ाना पुलिस ने अब्दुल कादिर ग्राम जिजोला शामली, हाल पता-ग्राम रसूलपुर जिला सहारनपुर, अबरार उर्फ सोनू पुत्र याकूब निवासी ग्राम जौला बुढ़ाना, बाबर पुत्र रिजवान निवासी सरसावा सहारनपुर और रिहान पुत्र फुरकान निवासी बघरा तितावी को पकड़कर उनके पास से 1 किलो 15 ग्राम स्मैक बरामद की थी। अब खबर यह है कि ऑपरेशन सवेरा के अन्तर्गत बुढ़ाना पुलिस के द्वारा फिर से बड़ी कार्यवाही करते हुए नशे के कारोबार के किंगपिन अब्दुल कादिर की लगभग 10 करोड़ रुपए मूल्य की सम्पत्ति को जब्त करने का आदेश प्राप्त कर लिया गया है। उक्त मुकदमे की विवेचना के दौरान जांच की गई तो अभियुक्त अब्दुल कादिर द्वारा नशे के अवैध कारोबार से अपने तथा अपनी माता हुस्नो व अपने पिता जुल्फिकार पुत्र यामीन निवासीगण जिजौला थाना झिंझाना जनपद शामली के नाम से जनपद बागपत, सहारनपुर और पूरे मुजफ्फरनगर जनपद में 07 अवैध सम्पत्तियां अर्जित की गई है, जिनकी वर्तमान में कीमत लगभग 9 से 10 करोड़ रुपए है। उपरोक्त सम्पत्तियों के जब्तीकरण हेतु रिपोर्ट तैयार कर कंपीटेंट अथॉरिटी एंड एडमिनिस्ट्रेटर फोर एक्ट एंड एनडीपीएस एक्ट देहली को भेजी गयी थी। अब उक्त अवैध सम्पत्तियों को जब्त करने का आदेश प्राप्त हुआ है, जो ऑपरेशन सवेरा के अन्तर्गत नशे के कारोबार करने वाले लोगों के विरुद्ध अभूतपूर्व सफलता है। अगर देखा जाए तो ऑपरेशन सवेरा के अन्तर्गत नशे का अवैध कारोबार करने वाले लोगों के लिए चेतावनी स्वरूप इस तरह की यह उत्तर प्रदेश में सबसे पहली एवं बड़ी कार्यवाही है।

# ग्राम पंचायत का 16 लाख का माल तीन लाख में नीलाम कर फंसी ग्राम प्रधान

## जिला पंचायत राज अधिकारी के ग्राम प्रधान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश

**मुजफ्फरनगर, 16 अक्टूबर(बु.)।** करीब सोलह लाख रुपये मूल्य के कृषि यंत्र मात्र तीन लाख रुपये में बिना अनुमति नीलाम करने के आरोपी विकास खण्ड बघरा में अलीपुर खुर्द की प्रधान उर्मिला देवी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश जिला पंचायत राज अधिकारी रेनू श्रीवास्तव ने दिए हैं।

शिकायत थी कि ग्राम अलीपुर खुर्द की प्रधान उर्मिला देवी द्वारा वर्ष 2022-23 में कुछ कृषि यंत्र जैसे ट्रैक्टर सुपर रीडर, रिवर्सिबल एमबी [प्लाउ और लैंड लेवल प्रमोशन आफै एग्रीकल्चर मेकेनाइजेशन पर इन सीट मैनेजमेन्ट आफ कॉप योजना के अन्तर्गत क्रय किया गया था। प्रधान अलीपुर खुर्द उर्मिला देवी द्वारा गत 18 सितंबर को उक्त सामान की नीलामी करके इसके माध्यम से आई तीन लाख दस हजार रुपये की धनराशि पंचम राज्य वित्त के खाते में जमा कराई गई थी। इस मामले में शिकायत मिली थी कि उक्त नीलामी के लिए उच्चाधिकारियों से कोई अनुमति प्राप्त नहीं की गई और करीब सोलह लाख रुपये मूल्य के उक्त कृषि यंत्र मात्र तीन लाख रुपये में नीलाम दिखाकर गड़बड़ी की गई। ग्राम पंचायत सचिव राहुल सिंह ने इस संबंध में शिकायत की तो मामले की जांच सहायक विकास अधिकारी बघरा द्वारा की गई। उन्होंने अपनी जांच रिपोर्ट में कहा कि प्रधान ग्राम पंचायत अलीपुर खुर्द उर्मिला देवी द्वारा अपने पदीय दायित्व का निर्वहन सही प्रकार से न करते हुए अवैध रूप बिना उच्च स्तर से अनुमति प्राप्त किये बिना उक्त शासकीय सम्पत्ति की नीलामी सम्बन्धी कार्य किया गया हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी ने कहा कि प्रधान द्वारा अवैध रूप से बिना उच्च स्तर से अनुमति प्राप्त किये शासकीय नीलामी सम्बन्धी कार्य करते हुए स्पष्ट रूप से ग्राम पंचायत को वित्तीय हानि पहुंचाने के सम्बन्ध में ग्राम प्रधान उर्मिला देवी के विरूद्ध सम्बन्धित थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हुए सूचना उपलब्ध कराये जाने के लिए खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया है। प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराये जाने के साथ-साथ पंचायती राज अधिनियम 1997 में निहित प्राविधानों के अनुरूप आगे कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही समस्त सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) और सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि अपने-अपने विकास खण्ड की समस्त ग्राम पंचायतों की परिसम्पत्तियों की जांच करें और यदि किसी ग्राम परिसम्पत्ति में विसंगति पायी जाती हैं तो इसकी सूचना जिला पंचायत राज अधिकारी को उपलब्ध कराई जाए।

# दाल मंडी में अवैध पटाखे लेने पहुंची पुलिस बैरंग लौटी

- डेढ़ करोड़ के पटाखों का अवैध भंडार तीन दिन पूर्व पकड़ा था
- एक वाहन में पटाखे भेजे, दूसरे में भेजते समय हंगामा, बाजार बंद
- हंगामे के बाद पटाखे गोदाम में रखकर फिर सील किए गए

**मुजफ्फरनगर, 16 अक्टूबर (बु.)।** दाल मंडी के पटाखा प्रकरण में आज उस समय धमाका हो गया जब पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने सिटी मजिस्ट्रेट पंकज राठौर और एएसपी सिद्धार्थ मिश्रा की मौजूदगी में सात दुकानों में अवैध रूप से भंडारित सील किए गए करीब डेढ़ करोड़ के पटाखों को ले जाने का काम शुरू किया। एक वाहन में भरकर पटाखे भेज दिए गए। दूसरे वाहन में पटाखे भरे जा रहे थे, तभी दुकानदारों ने एक खाकी वर्दी वाले को थैले में पटाखे भरते देखा तो हंगामा शुरू हो गया। दुकानदारों ने पुलिस मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए दुकानें बंद कर दीं। इस बीच कथित पटाखे चुराने वाला वहां से गायब हो गया। हालांकि दुकानदारों के हंगामे के बाद पटाखे वहां से ले जाने का काम रुक गया और दूसरी गाड़ी में भरे पटाखे वापस गोदाम में रखकर फिर सील कर दिए गए। दाल मंडी लंबा बाजार में 13 अक्टूबर को सात गोदामों पर छापे के बाद वहां अवैध रूप से भंडार किए गए लगभग 40 क्विंटल पटाखे जब्त किए गए थे। यह माल व्यापारी कन्हैया शर्मा का है। पटाखों की कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपये बताई गई है। पुलिस ने शहर के व्यस्त इलाकों में कानून का उल्लंघन कर भंडारित पटाखों के मामले में विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। बताया गया है कि सील होने के बावजूद इलाके के लिए खतरा बने इन पटाखों को लेकर कोर्ट के आदेश के बाद आज नगर मजिस्ट्रेट व सीओ सिटी के साथ पुलिस और दमकल विभाग की टीम उक्त पटाखों को वहां से हटाकर नष्ट कराने के लिए पहुंची थी। गोदामों की सील खोलकर वहां से एक छोटा हाथी में भरकर पटाखे भेज दिए गए। इस बीच दूसरी खेप में पटाखे लोड किए जा रहे थे, तभी दुकानदारों का आरोप है कि एक खाकी वर्दी वाला होमगार्ड उन्होंने थैले में पटाखे भरते देखा। इसे लेकर उन्होंने आसपास के दुकानदारों को एकत्र कर लिया और हंगामा करते हुए पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की और तमाम तरह के आरोप लगाए। हंगामे के बाद मुख्य बाजार की दुकानें बंद हो गईं। हंगामे की सूचना के बाद अतिरिक्त पुलिस बल वहां बुला लिया गया। काफी देर विवाद चला और इसके बाद तय किया गया कि जो पटाखे वहां मौजूद हैं, उन्हें वापस गोदाम में रखकर सील कर दिया गया।





पुलिस का कहना है कि कानून का उल्लंघन कर घनी आबादी वाले इलाके में भंडार किया गया विस्फोट जब्त किया

शेष समाचार : पृष्ठ-8 पर



53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 20.2°c अधिकतम 32.0°c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:21, सूर्यास्त - 5:46 | वर्ष : 53/अंक : 287 शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025 कार्तिक, कृष्ण पक्ष, एकादशी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये



**अमृतवाणी**

इंसान में बहुत से गुण हो सकते हैं, पर सब्र का गुण सभी गुणों में श्रेष्ठ है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

पंजाब के डीआईजी हरचरण भूल्लर पांच लाख की रिश्वत लेते पकड़े गए : चंडीगढ़



बड़े शर्म की बात है.... लेकिन रकम पद के हिसाब से रही......










53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 53/अंक : 287 शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025 कार्तिक, कृष्ण पक्ष, एकादशी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये



न्यूनतम 20.2°c अधिकतम 32.0 °c

**अमृतवाणी**

इंसान में बहुत से गुण हो सकते हैं, पर सब्र का गुण सभी गुणों में श्रेष्ठ है।

सूर्योदय - 6:21, सूर्यास्त - 5:46

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

पंजाब के डीआईजी हरचरण भूल्लर पांच लाख की रिश्वत लेते पकड़े गए : चंडीगढ़



बड़े शर्म की बात है.... लेकिन रकम पद के हिसाब से रही......

# यातायात प्रभारी के निरीक्षण के बाद जागी लोहिया बाजार में ई-रिक्शाओं का जाम ना लगने की आस

## लोहिया बाजार में ई-रिक्शा के कारण लगने वाले जाम से मिलेगी मुक्ति

मुजफ्फरनगर, 16 अक्टूबर (बु.)। शहर के प्रमुख व्यावसायिक केंद्र लोहिया बाजार को जल्द ही जाम की समस्या से बड़ी राहत मिलने वाली है। यातायात प्रभारी राकेश कुमार ने बुधवार को बाजार का औचक निरीक्षण किया और व्यापारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। बाजार में ई-रिक्शाओं की बेलगाम आवाजाही से लगने वाले भीषण जाम पर लगाम लगाने के लिए प्रभारी ने तत्काल प्रभाव से रूट डाइवर्जन का नया फॉर्मूला लागू करने की योजना तैयार की है। निरीक्षण के दौरान, यातायात प्रभारी राकेश कुमार ने बाजार की संकरी गलियों और मुख्य मार्गों पर ई-रिक्शा और अन्य व्यावसायिक वाहनों के कारण पैदा हो रही अव्यवस्था का जायजा लिया। व्यापारियों ने लगातार हो रहे नुकसान और ग्राहकों की परेशानी को लेकर प्रभारी के सामने अपनी व्यथा रखी। व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए, यातायात प्रभारी ने घोषणा की कि अब लोहिया बाजार के अंदर ई-रिक्शाओं के प्रवेश को नियंत्रित करने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। इसके तहत, भीड़-भाड़ वाले समय में बाजार के मुख्य हिस्सों में ई-रिक्शाओं का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित किया जा सकता है, या उनके लिए वैकल्पिक रूट डायवर्जन की व्यवस्था की जाएगी।





### बुलेटिन टीम रही निरीक्षण में साथ

**मुजफ्फरनगर।** शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, यातायात प्रभारी राकेश कुमार ने आज शहर के विभिन्न व्यस्तम क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ 'बुलेटिन की टीम' भी मौजूद रही। लोहिया बाजार में जबरन घुसने वाली ई-रिक्शाओं से लगने वाले जाम पर भी चर्चा हुई, जिससे होने वाले स्थानीय व्यापारियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उनकी समस्याओं को भी सुना। निरीक्षण के दौरान, यातायात पुलिस ने भीड़-भाड़ वाले इलाकों में यातायात के प्रबंधन और संभावित रूट डाइवर्जन की योजना पर चर्चा की। 'बुलेटिन की टीम' से बात करते हुए लोहिया बाजार के व्यापारियों ने बताया कि प्रभारी के इस निरीक्षण और रूट डायवर्जन की योजना से उन्हें भविष्य में लोहिया बाजार में अभी से राहत की सांस मिलने की उम्मीद जगी है। उन्होंने कहा कि अक्सर जाम और अव्यवस्थित यातायात के कारण उनके व्यापार पर असर पड़ता है, लेकिन प्रभारी की सक्रियता और नई व्यवस्था लागू करने की तैयारी से उन्हें उम्मीद जगी है कि अब लोहिया बाजार में आवागमन सुगम हो सकेगा। व्यापारियों ने यातायात प्रभारी की कि इस पहल का खुले दिल से स्वागत किया और कहा कि यह व्यवस्था उनके ग्राहकों और व्यापार दोनों के लिए फायदेमंद साबित होगी। यातायात प्रभारी द्वारा व्यापारियों को आश्वस्त किया कि शहर की लोहिया मंडी के यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए जल्द ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# खालापार पुलिस ने फर्जी जीएसटी बिल घोटाले में फरार चल रहे दो शातिर दबोचे

मुजफ्फरनगर, 16 अक्टूबर (बु.)। थाना खालापार पुलिस ने करोड़ों रुपये के फर्जी जीएसटी बिल घोटाले में फरार चल रहे दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोनू उर्फ महबूब उर्फ महमूद हसन निवासी तेवड़ा ककरौली तथा रहीश मलिक निवासी गाजियाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने इन दोनों को कोटद्वार से दबोचा है। स्टेट जीएसटी अधिकारियों ने कुछ महीने पूर्व जानसठ रोड स्थित अक्षा रिसाइक्लिंग एडं वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी में छापामार कार्रवाई की थी, टीम ने यहां से बड़ी संख्या में कागज पकड़े गए थे, जिनकी जांच में आईटीसी घोटाले सामने आए। इसके बाद जीएसटी अधिकारियों ने खालापार थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में खालापार थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान के नेतृत्व में टीम ने दो आरोपियों को दबोच लिया है। दबोचे गए आरोपियों ने बताया कि वह अक्षा रिसाइक्लिंग कंपनी के लिए काम करते थे। कंपनी के मालिक सोनू मलिक और डायरेक्टर शादाब के कहने पर सेंट स्टील, कोटद्वार स्टील, सुप्रीम स्टील के नाम पर फर्जी ई-वे बिल और जीएसटी इनवॉइस तैयार करते थे। कार्यालय में इन दस्तावेजों को तैयार कर बोगस बिल बनाए जाते थे, जिनके माध्यम से जीएसटी की करोड़ों रुपये की चोरी की जाती थी। रहीश मलिक ने भी कंपनियों के नाम पर फर्जी कागजी लेन-देन की बात स्वीकार की। फर्जी आइटीसी क्लेम मामले में शासन से भी त्वरित कार्रवाई के निर्देश हैं, जिसके चलते पुलिस और जीएसटी विभाग गंभीरता से लगे हुए थे।

### नाबालिग युवती का पीछा करने के दो आरोपियों को 3-3 साल की सजा

मुजफ्फरनगर, 16 अक्टूबर (बु.)। थाना खतौली क्षेत्र में आरोपी आबिद व शाकिर निवासीगण इस्लामनगर थाना खतौली क्षेत्र की नाबालिग युवती का पीछा कर उसे परेशान करते थे। दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना खतौली पर रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। दोनों आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की गयी थी। एडीजीसी प्रदीप बालियान ने बताया कि मामले की सुनवाई विशेष पोक्सो कोर्ट नम्बर एक की न्यायाधीश मंजुला भालोटिया की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को तीन-तीन साल की सजा व प्रत्येक आरोपी पर 5 हजार रुपए का अर्थदण्ड लगाया है।
















## कच्ची मिट्टी के दीये जैसे हैं आपके नन्हें से बच्चे, चाहे इन्हें चिराग बनाएं चाहे चिलम, निर्णय आपके हाथ : अंकुर दुआ

**मुजफ्फरनगर, 16 अक्टूबर (बुस.)।** ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल के दीपावली महोत्सव पर मुख्य अतिथि के रूप में रहे बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने इस स्कूल मैनेजमेंट का आभार व्यक्त करते हुए सभी को दीपावली की बधाई दी और आग्रह किया कि अपने बच्चों को ऑनलाइन खरीददारी की बीमारी से दूर रख पायें या ना रख पायें, मगर खुद को जरूर दूर रखें। पटरी पर बैठने वाले लोगों से भी सामान खरीदें, ताकि उनकी भी दीपावली मन पायें। उन्होंने कहा कि आज का दिन उत्सव का दिन है। इस अवसर पर बस वें परिजनों से एक ही आग्रह करेंगे कि जितनी शानदार प्रस्तुति आपके बच्चों ने दी है, वें कच्ची मिट्टी जैसे हैं, आप चाहे तो उन्हें चिराग का आकार दे लें या चाहें तो चिलम का आकार दे लें, दोनों फैसले आपके हाथ में हैं। स्कूल के नन्हें बच्चों को उनकी शानदार प्रतिभाओं के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनके साथ डॉ. अशोक अग्रवाल, उद्योगपति सतीश गोयल, विनोद संगल जितेन्द्र ट्रेडर्स आदि भी उपस्थित रहे।




# ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में ग्रेन दीपोत्सव धूमधाम से संपन्न

**मुजफ्फरनगर, 16 अक्टूबर (बुस.)।** स्थानीय ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल, नई मंडी में स्वदेशी आधारित दीपावली मेला ग्रेन दीपोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि पंकज प्रकाश राठौर, सिटी मजिस्ट्रेट एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष अंकुर दुआ, मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक और प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के सदस्य का विद्यालय प्रांगण पहुँचने पर मैनेजमेंट कमेटी के उपाध्यक्ष महेश कुमार, प्रबंधक विनोद संगल, सहप्रबंधक डॉ. अशोक कुमार, कोषाध्यक्ष नवीन कुमार और विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. एम.के. गुप्ता, प्रधानाचार्य आजाद वीर, कोर्डिनेटर आशीष कुमार त्यागी एवं हैड मिस्ट्रेस, जूनियर विंग ममता चौहान, एडमिशन इंचार्ज कंचन सोनी ने हार्दिक अभिनंदन किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्कूल बैंड की मधुर धुन प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर मेले का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर सुरेन्द्र अग्रवाल, सतीश गोयल, अरुण खण्डेलवाल, अंजु अग्रवाल, विजय कुमार सैनी आदि प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। इस अवसर पर तीन ग्रुपों में अंतर्विद्यालय डांस प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें नगर के जेवी पब्लिक स्कूल, एमजी पब्लिक स्कूल, एमजी वर्ल्ड विजन स्कूल, होली एंजिल कॉन्वेंट स्कूल, दा दून वैली पब्लिक स्कूल, एसएफडीएवी पब्लिक स्कूल, गुरुराम राय पब्लिक स्कूल एवं नचिकेता आदि स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने मनोहारी नृत्य प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। डांस प्रतियोगिता ग्रुप प्रथम में- एमजी वर्ल्ड विजन स्कूल ने प्रथम स्थान, एमजी पब्लिक स्कूल ने द्वितीय स्थान, एसएफडीएवी पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डांस प्रतियोगिता ग्रुप द्वितीय में - एमजी पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान, एमजी वर्ल्ड विजन स्कूल ने द्वितीय स्थान, होली एंजिल कॉन्वेंट स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डांस प्रतियोगिता ग्रुप तृतीय में - एमजी पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान, एसएफडीएवी पब्लिक स्कूल ने द्वितीय स्थान, नचिकेता स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डांस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका अभि धीमान, डायरेक्टर डांस एकेडमी सहारनपुर, विनीता गोयल, डायरेक्टर राधा माधव संगीत कला केंद्र, राखी, एसडी पब्लिक स्कूल डांस अध्यापिका एवं रेशू, द एसडी पब्लिक स्कूल डांस अध्यापिका ने निभाई। मुख्य अतिथि ने इस अंतर्विद्यालय डांस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों एवं विद्यालय के शैक्षणिक सत्र- 2024-25 के कक्षा नर्सरी से लेकर बारहवीं कक्षा तक प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। मेले में विद्यालय के अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा क्राफ्ट, गेम्स, खाद्य पदार्थों के स्टॉल्स लगाए। आगंतुकों एवं बच्चों ने ग्रेन दीपोत्सव मेले में भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि पंकज प्रकाश राठौर एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष अंकुर दुआ ने सभी प्रतिभागी बच्चों की प्रतिभा तथा उनके शिक्षक व शिक्षिकाओं की मेहनत को सराहा और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम होने से छात्र- छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है तथा समाज में पारस्परिक सहयोग एवं बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। मुख्य अतिथि पंकज प्रकाश राठौर ने सभी प्रतिभागियों की परफॉर्मेंस की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा मेले के आयोजन पर स्कूल प्रबंध समिति एवं स्टॉफ और बच्चों को बधाई दी। कार्यक्रम के अध्यक्ष अंकुर दुआ ने अपने उद्बोधन में सभी प्रतिभागियों एवं अध्यापक- अध्यापिकाओं के परिश्रम एवं लगन की सराहना की और बताया कि इस तरह के आयोजन से हमारे बच्चों में संस्कार आते है और वे अपनी सनातन संस्कृति से रुबरु होते हैं। प्रबंधक विनोद संगल ने मुख्य अतिथि, निर्णायक मंडल के सभी सदस्यों, अतिथियों, अभिभावकों, समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं का कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान के लिए धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य आजाद वीर ने सभी आने वाले आगंतुकों तथा छात्र-छात्राओं को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा प्रदूषण मुक्त आवाहन के साथ दीपावली पर्व मनाने पर बल दिया और उनसे अपनी पढ़ाई-लिखाई पर उचित ध्यान दिए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। विद्यालय के अध्यापक योगेन्द्र गौतम एवं अध्यापिका रूचि रानी ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी अध्यापको, ऑफिस स्टाफ एवं सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का योगदान सराहनीय रहा। मेले का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



## स्वदेशी संकल्प यात्रा पहुंची नगर मुख्यालय, किया स्वागत

### – विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार की अलख जगा, किया जागरुक

**मुजफ्फरनगर, 16 अक्टूबर (बु.)।** स्वदेशी जागरण मंच और स्वावलंबी भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में यूपी में निकाली जा रही स्वदेशी संकल्प यात्रा गुरूवार को मुजफ्फरनगर मुख्यालय पहुंची। शामली अड्डे होते हुए भगत सिंह रोड, शिव चौक पहुंची। इस बीच यात्रा का मुख्य बाजारों में व्यापारियों की ओर से जोरदार स्वागत किया गया। नगर के हृदय स्थल शिवचौक एसडी कॉलेज मार्किट स्थित प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक अशोक कंसल व संचालन जिला संयोजक अविनाश त्यागी ने की। स्वदेशी जागरण मंच की ओर से संचालित इस स्वदेशी यात्रा के बारे में जिला संयोजक अविनाश त्यागी ने कहा कि स्वदेशी ही आत्मनिर्भरता का आधार है। यह केवल विचार ही नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति की अभिव्यक्ति है। स्वदेशी से हमें आत्मबल मिलता है। इस दौरान पूर्व विधायक अशोक कंसल ने कहा कि स्वदेशी से हमें आत्म निर्भरता व आत्म बल मिलता है, वहीं छोटे-छोटे उद्योग लगाकर देश में रोजगार सृजन को गति दी जा सकती है। इस दौरान मुख्य रूप से श्रीमोहन तायल, सुनील तायल, धर्मेन्द्र मलिक ने भी विचार रखे। जिला संयोजक अविनाश त्यागी ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि यह स्वदेशी अपनाओ संकल्प यात्रा रामपुर से प्रारंभ होकर मुरादाबाद, अमरोहा, संभल, बुलंदशहर, नोएडा, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, बागपत, मुजफ्फरनगर, बिजनौर और शामली होते हुए 17 अक्टूबर को सहारनपुर में संपन्न होगी। इस दौरान मुख्य रूप से सुधांशु जी, बिजेन्द्र जी, मोहन सिंह, सौरभ आर्य, प्रेम किशोर त्यागी, राजू त्यागी, प्रमोद त्यागी, विश्व बंधु गोयल, अनिल नामदेव, वेद प्रकाश मंगल आदि मौजूद रहे।




## सीएमओ ने पीएससी पुरकाजी की परखी व्यवस्थाएं

### – मिली खामियों में सुधार किए जाने के दिए निर्देश

**मुजफ्फरनगर, 16 अक्टूबर (बु.)।** सीएमओ सुनील तेवतिया ने गुरूवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरकाजी का निरीक्षण करते हुए केंद्र की समग्र व्यवस्थाओं, साफ-सफाई, स्टाफ उपस्थिति, दवा भंडारण और मरीजों को दी जा रही सेवाओं का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के समय डॉ. सुनील तेवतिया ने ओपीडी रजिस्टर, टीकाकरण रिकॉर्ड, दवा वितरण कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। प्रत्येक मरीज को समय पर दवा और परामर्श मिलना चाहिए, यह सुनिश्चित करना सभी कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। केंद्र प्रभारी चिकित्साधिकारी सुमित चौधरी को निर्देशित किया कि कर्मचारी अपने निर्धारित समय पर उपस्थित रहें, केंद्र परिसर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें, तथा मरीजों की सुविधा के लिए बैठने और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान डॉ. सुनील तेवतिया ने मरीजों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि मरीजों की संतुष्टि ही स्वास्थ्य सेवाओं की सफलता का सबसे बड़ा प्रमाण है। इस दौरान मिली कमियों में कर्मचारियों को तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। सीएमओ सुनील तेवतिया ने कहा कि नियमित निरीक्षणों का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाना और आमजन तक सुविधाओं को प्रभावी रूप से पहुंचाना है।



## मारपीट का आरोप, तहरीर दी

**जानसठ, 16 अक्टूबर (बु.)।** क्षेत्र के गांव वाजिदपुर कवाली निवासी मोहित पुत्र ऋषिपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कुछ लोग रात में ट्रैक्टर-ट्रॉली से अवैध खनन करते है। अवैध खनन करके ट्रैक्टर-ट्रॉली उसके घर के सामने खड़ी करते हैं। पहले भी पुलिस से शिकायत की गई थी, लेकिन इन पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं होती है। आरोप है कि गुरुवार की सुबह जब वह अपने घर पर कार्य कर रहा था, तो इन लोगों ने उसके साथ मारपीट की। पीड़ित ने पुलिस से कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। इस दौरान थाने में पीड़ित मोहित के साथ नागेंद्र उर्फ बिट्टू अमित सैनी, सुमित, विपिन, नीतू, मनीष, ओमपाल व अनुज मौजूद रहे।

## नगर में पहुंची जागृति यात्रा, पुष्प वर्षा से किया अभिनन्दन

### – पंजाबी समाज ने बेदी ट्रैक्टर्स पर किया जोरदार स्वागत




**मुजफ्फरनगर, 16 अक्टूबर (बु.)।** सिखों के नौवें गुरू तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं जागृति यात्रा गुरूवार को नगर मुख्यालय पहुंची। विभिन्न जनपदों से होते हुए काशीपुर से यहां पर पहुंची इस यात्रा में 150 यात्रियों के साथ यात्रा में गुरू साहब के कड़ा और शस्त्र के दर्शन भी हो रहे हैं। पटना साहिब से तख्त श्री केसगढ़ साहिब, श्री आनंदपुर साहिब (रोपड़) पंजाब तक जाने वाली इस यात्रा की सिख एवं पंजाबी समाज के पदाधिकारियों ने शहीदी शताब्दी को समर्पित जागृति यात्रा जत्था की अगवानी की। इस दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा कर जागृति यात्रा का स्वागत किया गया। पालकी पर विराजित पवित्र श्री गुरू ग्रंथ साहिब जी को सम्मानपूर्वक फूलों की वर्षा करते हुए कार्यक्रम स्थल पर ले जाया गया। इस दौरान आयोजित शबद गायन के साथ संगत को निहाल किया गया। जागृति यात्रा में बाबा शहीद दीप सिंह द्वारा हस्तलिखित श्री गुरू ग्रंथ साहिब भी शामिल है। शबद गायन के उपरांत नाश्ता, जलपान व लंगर के बाद पुनः जागृति यात्रा अब खतौली होते हुए मेरठ के रास्ते प्रस्थान करेगी। यात्रा में 150 यात्री शामिल हैं। नगर के भोपा रोड स्थित वरिष्ठ भाजपा नेता सरदार सुखदर्शन सिंह बेदी के प्रतिष्ठान के सामने, श्री गुरू तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहादत शताब्दी को समर्पित जागृति-यात्रा का हार्दिक स्वागत किया। इस दौरान मौजूद श्रद्धालुओं एवं सिख समाज के बंधुओं के साथ मिलकर श्री गुरू तेग बहादुर साहिब जी के अद्भुत त्याग, बलिदान एवं धर्म रक्षा के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया। गुरू जी ने अपनी शहादत के माध्यम से न केवल मानवता, समानता और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा की, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अमर उदाहरण प्रस्तुत किया। इस दौरान मुख्य रूप से मंत्री कपिल देव अग्रवाल, देवल वाले बाबा जग्गा सिंह, पंजाबी समाज के अध्यक्ष एवं मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, सरदार सुखदर्शन सिंह बेदी, अमरजीत सिंह सिडाना, टीटू सिडाना, गुरुचरण सिंह बराड़, विनोद डाबर, कुलभूषण बजाज, पवन छाबड़ा, संजीव अरोरा, ओम प्रकाश, प्रेम प्रकाश अरोरा, विनाद डाबर, प्रवीण जैन हुंडई, अजय मित्तल, सुरेश शर्मा, केके तायल, बेदी परिवार से मन्नी बेदी, हन्नी बेदी, गुड्डू बेदी, विक्की बेदी, चन्नी बेदी, स्वीटी बेदी समेत बड़ी संख्या में गणमान्य मौजूद रहे।

## सूचना

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री वेदांशी शारदेन पब्लिक स्कूल में कक्षा-9वीं की छात्रा है। मेरी पुत्री वेदांशी के स्कूल में मेरा नाम चारू लिखा हुआ है, जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम चारू कालरा है। चारू कालरा व चारू दोनों मेरे ही नाम हैं।**

**चारू कालरा पत्नी निखिल कालरा**
**489-गली नं. 12, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर।**

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अभिषेक कुमार पुत्र स्व. कलीराम को वर्ष 2023 में अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था, जिसकी सूचना समाचार पत्र में भी प्रकाशित कराई थी, परन्तु दिनांक 16 अक्टूबर, 2025 को मैंने अपने पुत्र अभिषेक कुमार की बेदखली को वापस ले लिया है। अब मेरी चल व अचल सम्पत्ति में मेरे पुत्र अभिषेक कुमार का बदस्तूर हिस्सा रहेगा।

**बीरमति पत्नी स्व. कलीराम**
**निवासी - ग्राम कुटेसरा, थाना-चरथावल, जिला-मुजफ्फरनगर**

## जनपद के सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों ने चलाया अभियान

**मुजफ्फरनगर, 16 अक्टूबर (बु.)।** एसएसपी संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में समस्त थानों की एंटी रोमियो टीमों द्वारा चलाए गए मिशन शक्ति-5.0 अभियान के तहत महिलाओं/ बालिकाओं से वार्ता कर प्रैफलेट, वीडियो एवं शार्ट फिल्म आदि के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी जागरूक किया। महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन, सशक्तिकरण व विश्वास के योगी सरकार की पहल पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अन्तर्गत डीएम उमेश मिश्रा एवं एसएसपी संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा क्षेत्र में पड़ने वाले स्कूल, कॉलेज, गांवों, कस्बों, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों आदि के आसपास मिशन-शक्ति अभियान के तहत महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक किया। अभियान के तहत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं-बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं के रूप में हेल्पलाईन नम्बरों ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सीएम हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर मिशन शक्ति केन्द्र आदि के संबंध में जानकारी देते हुए पैंफलेट, वीडियो, शार्ट फिल्म के माध्यम से जागरूक किया। इसके साथ ही बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।

## दो दिन में 258 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण- अमित शाह

**रायपुर, 16 अक्तूबर (एजेंसी)।** गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ के उत्तर बस्तर स्थित अबूझमाड़ के पहाड़ी जंगल इलाके को नक्सल मुक्त घोषित कर दिया। यह बड़ी घोषणा उस वक्त की गई जब 170 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शामिल होने का फैसला किया। शाह ने इन सभी का स्वागत करते हुए कहा कि उन्होंने हिंसा छोड़कर भारत के संविधान में भरोसा जताया है, यह एक साहसिक और सराहनीय कदम है। इस बात की जानकारी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके दी। उन्होंने एक्स पर लिखा कि आज छत्तीसगढ़ में 170, कल 27 और महाराष्ट्र में 61 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। दो दिन में कुल 258 कट्टर नक्सलियों ने हिंसा छोड़ दी है। शाह ने कहा कि यह दिखाता है कि मोदी सरकार की रणनीति से नक्सलवाद अब खत्म होने की कगार पर है। सरकार के अनुसार, यह घटनाएं देश में वामपंथी उग्रवाद के अंत की ओर बढ़ते कदम को दशार्ती हैं। अमित शाह ने बताया कि कभी नक्सली आतंक का गढ़ रहे छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ और उत्तर बस्तर को अब पूरी तरह नक्सल मुक्त घोषित कर दिया गया है। अब केवल दक्षिण बस्तर के कुछ इलाकों में ही नक्सली बचे हैं, जिन्हें भी जल्द समाप्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कह कि हमारी नीति स्पष्ट है, जो नक्सली आत्मसमर्पण करेंगे उनका स्वागत है, लेकिन जो हथियार उठाए रहेंगे, उन्हें सुरक्षा बलों की कठोर कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। अमित शाह ने यह भी बताया कि जनवरी 2024 में छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद से अब तक 2100 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, 1785 गिरफ्तार किए गए हैं और 477 को न्यूट्रलाइज किया गया है उन्होंने कहा कि यह सब 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के संकल्प की दिशा में एक ठोस कदम है। शाह ने सभी नक्सलियों से अपील की कि वे हिंसा छोड़ें, हथियार डालें और मुख्यधारा में लौटकर देश की प्रगति में भागीदार बनें। इसके साथ ही दूसरी ओर गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि विदेशों में छिपे अपराधियों की भारत वापसी (प्रत्यर्पण) में तेजी लाने के लिए हर राज्य में एक विशेष जेल बनाई जाए जो अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरी उतरे। साथ ही जिन अपराधियों के खिलाफ इंटरपोल की रेड नोटिस जारी हो चुकी है, उनके पासपोर्ट रद्द किए जाएं ताकि वे दुनिया में आजादी से घूम न सकें। अमित शाह ने यह बातें सीबीआई द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में कहीं, जिसका विषय था 'भगोड़े अपराधियों का प्रत्यर्पणः चुनौतियां और रणनीति'। शाह ने कहा कि जब तक भगोड़ों के मन में भारतीय कानून का डर नहीं होगा, तब तक देश की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती।



## पत्रकारिता एवं जनसंचार संकाय ने स्पार्कल ब्लॉसम ब्लास्ट 2025 नवागंतुकों के स्वागत हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया

**मुजफ्फरनगर, 16 अक्टूबर (बुस.)।** श्रीराम कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार संकाय के नवागंतुकों के स्वागत में स्पार्कल ब्लॉसम ब्लास्ट 2025 थीम पर वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बड़े हर्ष और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ, श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल, श्रीराम कॉलेज निदेशक डॉ. अशोक कुमार आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. विनीत कुमार शर्मा, एचआर, डॉ. पंकज शर्मा तथा पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश कुशवाहा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बीएजेएमसी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरूआत कशिश चौधरी द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुई, जिसने पूरे सभागार को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में एक बौद्धिक प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने अपनी समझ, विवेक और तर्क क्षमता का परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा बबली, सना राजपूत द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एस. सी. कुलश्रेष्ठ ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि पत्रकारिता एवं जनसंचार पाठ्यक्रम वर्तमान समय की आवश्यकता है। श्रीराम कॉलेज के निदेशक डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों की रचनात्मकता और विवेकशीलता देखने को मिली। विभागाध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश कुशवाहा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को विभाग की गतिविधियों से जोड़ना और आयोजन कौशल का विकास करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंतिम वर्ष के समस्त विद्यार्थियों के साथ विभाग की प्रवक्ता कहकशा मिर्जा, शिवानी बर्मन एवं मयंक वर्मा का विशेष योगदान रहा।







संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# अगर दूर की भी हुई सवारी तो रोडवेज दीपावली पर भेजेगी बस, 18 तारीख से लागू होगी स्पेशल सेवा

## ▶ चालकों और परिचालकों को मिलेगा अधिक कार्य करने पर अतिरिक्त पैसा

**मुजफ्फरनगर, 16 अक्टूबर (बु)।** त्योहारों का सीजन शुरू हो चुका है। ऐसे में हर सरकारी विभाग अपने कर्मचारियों और जनता को लुभाने के लिये नई-नई स्कीमें बनाने में जुटा है। ऐसे में जनपद के रोडवेज विभाग की ओर से भी आने-जाने वाले यात्रियों के लिये नई स्कीम निकाली जा रही है। इस स्कीम के तहत दूर-दराज से कार्य कर रहे लोगों को लाभ मिलेगा।

आपको बता दें कि रोडवेज विभाग की इस स्कीम की जानकारी देते हुए वरिष्ठ केंद्र प्रभारी पूनम तोमर ने बताया कि ऐसे कुछ रूट जिन पर हमारी बसें नहीं चलती हैं, जैसे किसी यात्री को गोरखपुर जाना है, तो उसे लखनऊ से बस बदलनी पड़ती है। ऐसे में दीपावली और छठ पूजा के उत्सव को ध्यान में रखते हुए एक स्कीम रोडवेज की ओर से 18 अक्टूबर से शुरू की जा रही है। इसके तहत अगर 10 से 15 यात्री गोरखपुर जाने के लिये रोडवेज से संपर्क करते हैं तो सामान्य किराये पर जोकि रोडवेज की ओर से तय होता है, उसी पर रोडवेज गोरखपुर के लिये भी बस भेज सकती है।

पूनम तोमर ने बताया कि यूं तो दिल्ली, लखनऊ, जालंधर, चंडीगढ़, हरिद्वार तक हमारे मुजफ्फरनगर से रूट हैं, लेकिन यात्रियों की सुविधा और दिपावली, छठ पूजा के त्योहारों के मद्देनजर इस स्कीम को चलाने के आदेश दिये




गये हैं। ऐसे में इस सुविधा के माध्यम से लोगों का भरोसा रोडवेज पर बढ़ेगा और कहीं ना कहीं हमें भी यह जानकारी हो जाती है कि भविष्य में हम अगर इस रूट पर बस चलायें, तो इसका हमें फायदा होगा या नहीं। पूनम तोमर ने जानकारी देते हुए यह भी बताया कि हमारा निरंतर यह प्रयास रहता है कि रोडवेज के ऊपर जनता का भरोसा बनाया जा सके। इससे जनता हमारे ऊपर जितना भरोसा करेगी, हम उतनी अच्छी सुविधा जनता को दे सकेंगे।

ऐसे में इन दिनों में यात्रियों की संख्या भी बढ़ जाती है, जिसको देखते हुए रोडवेज ने आदेश जारी किये हैं कि जो चालक या परिचालक लंबे समय से छुट्टी पर चल रहे हैं वो हाजिर हो जाएं, क्योंकि त्योहारी सीजन में अगर अतिरिक्त बसें लगानी पड़ी, तो उसके लिये परिचालक और चालक का होना जरूरी है। जो हमारे प्रतिदिन के रूट हैं, वो भी इससे प्रभावित नहीं होने चाहियें। आपको बता दें कि जनपद मुजफ्फरनगर के रोडवेज डिपो में इस समय 201 बसों का कुनबा है। इसमें से 18 बसें 45 सीटर हाल ही में नई रोडवेज को मिली हैं। वर्तमान में 150 बसें प्रतिदिन अपने-अपने निर्धारित रूटों पर जाती हैं, जबकि 50 से 55 बसें स्टैंडबाय पर रहती हैं, ताकि आपतकालीन जरूरत पड़ने पर इनका प्रयोग किया जा सके। इस समय जैसे त्योहारी सीजन में इन बसों को लगाया जा सकता है।

### परिचालकों और चालकों के लिये भी नई सुविधा

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ केन्द्र प्रभारी पूनम तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि चालकों और परिचालकों के लिये भी नई स्कीम की घोषणा की गई है। श्रीमती तोमर ने बताया कि 12 दिनों में जो चालक या परिचालक कम से कम 300 किलोमीटर और अधिकतम 400 किलोमीटर कार्य करता है, तो उसे प्रतिदिन के वेतन के अतिरिक्त 400 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से 4800 रुपए कुल प्रोत्साहन के रूप में दिये जाएंगे। इसके अलावा रोडवेज के अन्य कर्मचारी यानि वर्कशॉप विभाग के कर्मचारियों को 13 दिन कार्य करने पर दैनिक वेतन से अलग प्रोत्साहन के रूप में 450 रुपए की प्रतिदिन के हिसाब से 5850 रुपए की प्रोत्साहन की राशि मिलेगी। इसके अलावा आउटसोर्स के कर्मियों को एक बार ही 12-13 दिन कार्य करने के लिये 2100 और 2500 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

## मथुरा की भोली सी सूरत वाली लुटेरी दुल्हन काजल, जिसने कई परिवारों को लगाया चूना

**मथुरा, 16 अक्टूबर (एजेंसी)।** मथुरा की रहने वाली काजल को राजस्थान पुलिस ने हरियाणा के गुरुग्राम से अरेस्ट किया। काजल और उसका परिवार यूपी, राजस्थान और हरियाणा के अनेकों परिवारों को ठग चुका



था। राजस्थान पुलिस ने जब काजल को अरेस्ट किया, उस समय भी उसके हाथों में मेंहदी लगी थी। काजल और उसके परिवार की कहानी ऐसी है कि किसी वेब सीरीज या फिल्मी कथा सरीखी लगे। काजल के परिवार उसके पिता भगत सिंह, मां सरोज देवी, बहन तमन्ना और भाई सूरज हैं। काजल के अलावा इन सभी को पुलिस अरेस्ट कर चुकी है, लेकिन काजल पिछले एक साल से पुलिस से बचती फिर रही थी। वह लगातार अपने ठिकाने बदल रही थी। इससे यह भी पता चलता है कि उसके परिवार के बाहर भी उसके ढेरों मददगार हैं। काजल के परिवार के खिलाफ राजस्थान के एक परिवार ने एफआईआर दर्ज करवाई थी। उस पूरे मामले के बारे में जानकर समझ आता है कि ये लोग किस तरह से लोगों को शादी के नाम पर ठगा करते थे।

## प्रेमानन्द महाराज के जल्द स्वस्थ होने की कामना का पोस्टर सपा कार्यालय में लगा

**लखनऊ, 16 अक्टूबर (एजेंसी)।** वृंदावन के प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज की तबीयत इन दिनों ठीक नहीं चल रही है। उनकी सेहत के लिए पूरे देशभर में प्रार्थनाएं चल रही है। इसी बीच लखनऊ में समाजवादी पार्टी के दफ्तर के बाहर एक होर्डिंग लगाई गई है, जिसमें संत प्रेमानंद महाराज की तस्वीर लगाई गई है, जिसमें प्रेमानंद महाराज के लिए प्रार्थना करते हुए लिखा गया है कि उनका आशीर्वाद ही हमारी पहचान, समाजवादी परिवार करता है प्रार्थना दिन-रात। बताते चलें कि इससे पहले सपा नेता मोहम्मद अखलाक ने दरगाह में चादर चढ़ाकर प्रेमानंद महाराज




के लिए दुआ की थी। दरअसल, समाजवादी पार्टी ऑफिस के बाहर संत प्रेमानंद महाराज के लिए पोस्टर लगाया गया है। इस पोस्टर में प्रेमानंद महाराज और सपा मुखिया अखिलेश यादव को जगह दी गई है। जिसमें लिखा- हे प्रभु, दीजिए ऐसी कृपा की छांव, फिर खिले प्रेमानंद जी के मुख पर मुस्कान की छांव। साथ ही यह भी लिखा गया कि उनका आशीर्वाद ही हमारी पहचान है। समाजवादी परिवार करता है प्रार्थना दिन-रात। बुधवार रात सपा दफ्तर के बाहर यह पोस्टर सपा कार्यकर्ता रूमेश यादव और सुजीत यादव ने लगवाया है। होर्डिंग को लगवाने वाले सपा कार्यकर्ता रूमेश यादव का कहना है कि प्रेमानंद महाराज जी हमारे आध्यात्मिक मार्गदर्शक हैं। हम उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। इसी के चलते होर्डिंग लगाया है। इसमें कोई राजनीति नहीं है। सिर्फ श्रद्धा है। वहीं होर्डिंग को लगवाना भले की राजनीति मकसद ना हो, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इसको लेकर तमाम तरह की चर्चाएं चलने लगी हैं। राजनीतिक विश्लेषक इस होर्डिंग को आगामी चुनाव के नजरिये से देख रहे हैं। उनका कहना है कि प्रेमानंद महाराज के प्रति आस्था दिखाकर सपा एक बड़े स्तर पर वोटों को साधने की कोशिश कर रही है।

## मायावती ने सपा को खिसियानी बिल्ली कहा, 500 नेताओं के साथ 2027 की रणनीति बनाई

**लखनऊ, 16 अक्टूबर (एजेंसी)।** लखनऊ में बसपा प्रमुख मायावती ने गुरूवार को बड़ी बैठक की। करीब 2 घंटे चली बैठक में करीब 500 पदाधिकारियों के साथ 2027 के यूपी चुनाव की रणनीति पर मंथन किया गया। उन्होंने यूपी में सत्ता की मास्टर चाबी के लिए आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में तन, मन और धन से जुटने को कहा। भतीजे आकाश आनंद बीमार होने के कारण मीटिंग में शामिल नहीं हो सके। बैठक में मायावती ने 9 अक्टूबर को लखनऊ रैली की ऐतिहासिक सफलता के बसपा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को शुक्रिया कहा। उन्होंने रैली में सरकारी मशीनरी के इस्तेमाल के आरोपों के लिए सपा और कांग्रेस को खिसयानी बिल्ली कहा। इस दौरान मायावती ने योगी की तारीफ को बसपा की राजनीतिक ईमानदारी करार दिया। मायावती ने कहा- लखनऊ के महाआयोजन में पार्टी के लोग प्राइवेट बसों और ट्रेनों ये खुद पैसा खर्च



कर आए। कई अपने खुद के छोटे-मोटे साधनों से और पैदल भी चलकर आए। तो फिर सरकारी बसें बीच में कहां से आ गईं, जिनका कुछ विरोधी लोग 'खिसियानी बिल्ली खम्भा नोचे' की तरह बर्ताव कर रहे। अनाप-शनाप और बेतुकी बातें कर रहे। इनमें रत्ती भर भी कोई सच्चाई और दम नहीं है। मायावती ने विरोधी पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा कि बसपा, दूसरी पार्टियों की तरह बड़े-बड़े पूंजीपतियों और धन्नासेठों के सहारे और इशारे पर चलने वाली पूंजीवादी स्वभाव वाली पार्टी नहीं है।

## 'गुरु मां' बनकर भारत में रह रहा था बांग्लादेशी अयान खान, मुंबई में 20 से अधिक प्रॉपर्टी का मालिक, नाम रखा था ज्योति

**मुंबई, 16 अक्टूबर (एजेंसी)।** कोई भारत का आधार कार्ड और पैन कार्ड दिखाए तो संभव है हर किसी को विश्वास हो जाएगा कि वह भारतीय ही है, लेकिन कहते हैं न कानून के हाथ लंबे होते हैं। खासकर मुंबई पुलिस अगर चाह दे तो कुछ भी असंभव नहीं है। कुछ ऐसा ही देखने को मिला मुंबई में। मुंबई पुलिस ने एक बांग्लादेशी ट्रांसजेंडर को गिरफ्तार किया। अब आप कहेंगे कि इसमें क्या खास है। आए दिन पुलिस ट्रांसजेंडर को गिरफ्तार करती है, तो बता दें कि पुलिस का डंडा चलने के बाद जो सच्चाई सामने आई वह हर किसी को दंग कर देगी। दरअसल, वह ट्रांसजेंडर पिछले 30 साल से भारत में फर्जी दस्तावेजों के सहारे रह रहा था। भारत में तो लोग उसे ज्योति उर्फ 'गुरु मां' के रूप जानते थे, लेकिन पता चला कि उसका असली नाम बाबू अयान खान है। पिछले कुछ महीनों में मुंबई के शिवाजी नगर इलाके में अवैध बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान 'ज्योति' के कुछ साथी पकड़े गए थे। उसके पास मुंबई में 20 से अधिक प्रॉपर्टी है। इसमें कोई शक नहीं कि उनकी कीमत काफी मोटी होगी। अभियान के दौरान पुलिस ने ज्योति को भी हिरासत में लिया था, लेकिन उस वक्त उसके पास आधार कार्ड, पैन कार्ड जैसे सभी दस्तावेज मौजूद थे, जिनकी वजह से उसे छोड़ दिया गया। बाद में जब पुलिस ने उन दस्तावेजों की जांच की, तो वे फर्जी पाए गए, जिसके बाद उसे दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया। मुंबई पुलिस का कहना है कि ज्योति के खिलाफ मुंबई के कई थानों में केस दर्ज हैं, जिनमें शिवाजी नगर, नारपोली, देवनार, ट्रॉम्बे और कुर्ला शामिल हैं।



## दिल्ली में 10 अवैध बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**दिल्ली।** कुछ दिन पहले दिल्ली पुलिस ने भी शालीमार बाग और महेन्द्रा पार्क इलाकों में कार्रवाई करते हुए 10 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है, जो भारत में गैरकानूनी तरीके से रह रहे थे। पुलिस के अनुसार, इनमें से कई लोगों ने लिंग परिवर्तन करवा रखा था और वे भीख मांगने के धंधे में शामिल थे। पुलिस ने बताया कि उन्हें हैदरपुर मेट्रो स्टेशन और नई सब्जी मंडी इलाके में संदिग्ध लोगों की जानकारी मिली थी। निगरानी और तलाशी के दौरान पुलिस ने आठ लोगों को हैदरपुर मेट्रो स्टेशन के पास और दो को नई सब्जी मंडी से पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने भारतीय नागरिक होने का दावा किया, लेकिन जांच में उनकी बातें संदिग्ध पाई गईं।

## जैसलमेर अग्निकांड-एक ही परिवार के तीन मृतकों के परिवार को 25 लाख, अन्य मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख की सहायता देगी भजनलाल सरकार

**जैसलमेर, 16 अक्टूबर (एजेंसी)।** जैसलमेर बस अग्निकांड पीड़ितों के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आर्थिक पैकेज की घोषणा की है। जिस परिवार में तीन या इससे ज्यादा लोगों की जान गई है, उन्हें कुल 25 लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी। एक परिवार से एक या दो मौत होने पर प्रति व्यक्ति 10-10 लाख रुपए दिए जाएंगे। गंभीर घायलों को 2-2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है। साधारण रूप से घायल हुए लोगों को एक-एक लाख रुपए मिलेंगे। उधर, पीड़ित परिवार जोधपुर के महात्मा गांधी हॉस्पिटल में धरने पर बैठ गया है। उचित मुआवजे की मांग करते हुए शव लेने से इनकार कर दिया है। इस अग्निकांड में मृतकों की संख्या 22 हो गई है। 54 साल की भागा बानो की गुरुवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। अब तक की रिपोर्ट के अनुसार, एक शव की पहचान नहीं हो पाई है। इससे पहले बुधवार सुबह हादसे में झुलसे 10 साल के यूनुस ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। अब तक कुल 22 मौतें हो चुकी हैं। जोधपुर के महात्मा गांधी हॉस्पिटल के अनुसार, 5 मरीज वेंटिलेटर पर हैं। इसके अलावा 8 घायलों को डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। उधर, डीएनए टेस्ट एवं पोस्टमॉर्टम के बाद शवों को परिवार वालों को सौंपे जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जैसलमेर से जोधपुर जा रही प्राइवेट एसी स्लीपर बस में 14 अक्टूबर की दोपहर 3.30 बजे आग लग गई थी। मौके पर ही 19 लोग जिंदा जल गए थे। एक व्यक्ति ने जैसलमेर से जोधपुर ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया था।



## मेरठ में 3 मंजिला कपड़ा फैक्ट्री में लगी आग, 18 मजदूर फंसे, फायर फाइटर ने सुरक्षित निकाला

**मेरठ, 16 अक्टूबर (एजेंसी)।** मेरठ के लोहिया नगर थाना क्षेत्र की आशियाना कालोनी गली नंबर 6 में गुरुवार सुबह 5.30 बजे कपड़ा प्रिटिंग फैक्ट्री में आग लग गई। तीन मंजिला फैक्ट्री में कपड़ों पर प्रिटिंग का काम होता है। बताया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। हादसे के समय फैक्ट्री में लेबर काम कर रही थी। गनीमत रही कि किसी की जान नहीं गई। आशियाना कालोनी में एथ्री क्रिएशन के नाम से फैक्ट्री है, जिसकी मालिकाना हकदारी करीम नगर निवासी इकरामुद्दीन के पास है। आग सबसे पहले फैक्ट्री की तीसरी मंजिल पर लगी, जो बढ़ते-बढ़ते दूसरी मंजिल तक फैल गई। वहां मौजूद लेबर ने आग और धुएं को देख तुरंत बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। घटना की जानकारी मिलने पर 10 मिनट के भीतर फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल टीम ने लगभग डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग इतनी तेज थी कि सामने और पास की फैक्ट्रीज तक उसकी लपटें पहुंच गईं। पास ही लिसाड़ी गेट निवासी हाजी यामीन की फैक्ट्री में भी थोड़ी आग लगी। हादसे के समय फैक्ट्री में कुल आठ लोग काम कर रहे थे। इनमें सुमित त्यागी, अजहरुद्दीन अंसारी, गोविंद सिंह, शैलेश, रविंद्र, विवेक, राकेश, रशीद, मुन्ना और चंदन सहित कुछ अन्य लोग शामिल थे। सभी सुरक्षित बाहर निकल आए। हालांकि आग से फैक्ट्री का काफी माल जलकर नष्ट हो गया।



## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक्सटॉर्शन मामले में एडीजीपी को तलब किया

**प्रयागराज, 16 अक्टूबर (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक्सटॉर्शन (जबरन वसूली) के मामले में कथित पुलिस निष्क्रियता और आरोपी हेड कॉन्स्टेबल के जांच अधिकारियों पर स्पष्ट प्रभाव को गंभीरता से लेते हुए वाराणसी के अपर पुलिस महानिदेशक को व्यक्तिगत रूप से पेश होने और जांच की प्रगति का विवरण देते हुए व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने के लिए तलब किया। जस्टिस अजय भनोट और जस्टिस गरिमा प्रसाद की खंडपीठ सीबीसीआईडी वाराणसी में तैनात हेड कॉन्स्टेबल रणधीर सिंह और रीना सिंह द्वारा दायर आपराधिक रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी। आपको बता दें कि एफआईआर के अनुसार दोनों पर आरोप है कि उन्होंने प्रथम सूचनाकर्ता से जबरन 40 हस्ताक्षरित चेक और पांच कोरे हस्ताक्षरित कागजात ले लिए थे। इन चेकों को कथित तौर पर विभिन्न सहयोगियों द्वारा भुनाया जा रहा था और बार-बार पेश किया जा रहा था, ताकि सूचनाकर्ता को अंतहीन मुकदमेबाजी में घसीटकर पैसे वसूलने और जबरन वसूली के लिए मजबूर किया जा सके। दोनों पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपों की गंभीरता और स्थानीय पुलिस के स्पष्ट गैर-सहयोग को देखते हुए कोर्ट ने निर्देश दिया कि जांच की निगरानी एडीजी वाराणसी द्वारा व्यक्तिगत रूप से और नियमित आधार पर की जाए। एडीजी को अगली सुनवाई की तारीख (10 दिसंबर) पर व्यक्तिगत हलफनामे के साथ उपस्थित होने का भी आदेश दिया गया। खंडपीठ ने 25 सितंबर को पहले दी गई अंतरिम सुरक्षा (गिरफ्तारी से) को जारी रखने से भी इनकार कर दिया यह टिप्पणी करते हुए कि इससे चल रही जांच में बाधा आएगी।



## पांच वर्षीय बच्ची से रेप व हत्या में दो युवकों को फांसी

**आगरा, 16 अक्टूबर (एजेंसी)।** जनपद आगरा के बाह में डेढ़ वर्ष पूर्व रिश्ते के चाचा ने दोस्त के साथ मिलकर घर के बाहर खेल रही पांच वर्षीय बालिका का अपहरण कर दुष्कर्म के बाद हत्या और परिवार से छह लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। मामले में न्यायालय ने चाचा और उसके साथी को दोषी माना है। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सोनिका चौधरी ने बाह के फरेरा निवासी अमित और होलीपुरा के निखिल को फांसी की सजा सुनाई है। न्यायालय ने अपराध को जघन्य और घृणित माना है। बता दें कि 18 माह पूर्व 18 मार्च 2024 में बाह थाना क्षेत्र के एक गांव में घर के बाहर खेल रही बालिका को उसके रिश्ते के चाचा अमित और उसका साथी निखिल बहलाकर बाइक पर बिठाकर ले गए। हैवानियत की पराकाष्ठा पार करते हुए उसे वासना का शिकार बनाया। राक्षसों की तरह बालिका के शरीर को नोंचते हुए प्राकृतिक और अप्राकृतिक तरीके से दुष्कर्म किया। बच्ची को यातनाएं देते हुए उसकी हत्या कर शव छिपा दिया। बालिका का शव देखकर गांव के लोगों के साथ पुलिसकर्मियों की भी रूह कांप गई। उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म और कुकर्म दोनों किया गया था। शरीर के हर हिस्से पर चोटों के निशान थे। पुलिस ने मजबूत साक्ष्यों के साथ एक माह के अंदर चार्जशीट न्यायालय में प्रस्तुत कर दी थी। न्यायालय ने तत्काल मुकदमे की सुनवाई शुरू कर दी थी। एडीजीसी सुभाष गिरी ने मामले में 18 गवाहों के बयान कराए और साक्ष्यों के साथ मजबूत तर्क दिए। इसके आधार पर न्यायालय ने जघन्य अपराध पर अपना फैसला सुनाया। फैसला सुनते ही आरोपित न्यायालय में दहाड़े मारकर रोने हुए माफी मांगने लगे। उनकी यह हालत देख बालिका के परिवार वालों ने न्यायालय का आभार जताया।



## मुठभेड़ में शातिर गौकश को घायल कर दबोचा

**मुजफ्फरनगर, 16 अक्टूबर (बु.)।** रतनपुरी पुलिस ने मुठभेड़ में एक शातिर गौकश को घायल होने के बाद गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, कारतूस और बिना नम्बर प्लेट की पैशन प्रो मोटर साइकिल बरामद की गई है। गुरुवार को थाना रतनपुरी पुलिस नंगला भनवाडा तिराहा भट्टे के पास संदिग्ध वाहनों की चैकिंग कर रही थी। तभी मोटर साइकिल पर सवार एक व्यक्ति को रोकने की कोशिश की तो वह तेज गति भागने लगा। इस दौरान बदमाश की मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर गिर गयी। उसने पुलिस पर गोली चलाई तो जवाबी गोली में बदमाश घायल हो गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम साबिर पुत्र फत्ता निवासी ग्राम नंगला थाना रतनपुरी बताया गया है। उसके कब्जे से एक तमंचा, कारतूस 315 बोर तथा एक पैशन प्रो मोटर साइकिल बिना नम्बर प्लेट बरामद किये गये। घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रतनपुरी पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## जाति आधारित आरक्षण की लिमिट 50% है, सुप्रीम कोर्ट से तेलंगाना की कांग्रेस सरकार को झटका

**नई दिल्ली, 16 अक्टूबर (एजेंसी)।** तेलंगाना में आरक्षण की सीमा 50 फीसदी से ज्यादा बढ़ाए जाने को सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी नहीं दी है। तेलंगाना सरकार के फैसले को हाईकोर्ट ने खारिज किया था, जिसे शीर्ष अदालत में रेवंत रेड्डी सरकार ने चैलेंज किया था। अब उसे शीर्ष अदालत में भी झटका लगा है। जस्टिस विक्रमनाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने अर्जी खारिज करते हुए कहा कि जाति आधारित आरक्षण की 50 फीसदी की तय सीमा है और उसका उल्लंघन नहीं किया जा सकता। 1992 के इंदिरा साहनी केस में सुप्रीम कोर्ट ने जातिगत आरक्षण की 50 फीसदी सीमा का आदेश दिया था। तेलंगाना सरकार ने अदालत में यह दलील दी कि उसने 42 फीसदी ओबीसी आरक्षण तय किया है, जो एक नीतिगत निर्णय है। इससे राज्य के पिछड़े वर्गों को स्थानीय निकाय में उचित प्रतिनिधित्व मिल सकेगा। इस आरक्षण के साथ ही राज्य में कुल कोटा 67 फीसदी हो जाता है। इसी पर आपत्ति जताते हुए ओबीसी आरक्षण बढ़ाने के प्रस्ताव को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। अब ऐसा ही फैसला सुप्रीम कोर्ट ने भी दिया है। इस तरह हाईकोर्ट की ओर से आरक्षण बढ़ाने के फैसले पर लागू की गई अंतरिम रोक अगले आदेश तक जारी रहेगी। उच्च न्यायालय ने 9 अक्टूबर को



हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार 4 सप्ताह में जवाब देने का मौका दिया था। अब एक बार फिर से हाई कोर्ट की सुनवाई पर नजर होगी कि अब राज्य सरकार का क्या जवाब होगा और उस पर अदालत का रुख क्या रहेगा। तेलंगाना सरकार की ओर से ओबीसी कोटा 42 फीसदी किए जाने को कई संगठनों और लोगों की ओर से चैलेंज किया गया था। इन लोगों का कहना था कि जातिगत आरक्षण की लिमिट 50 फीसदी है, जो इस फैसले से बढ़कर 67 फीसदी हो जाता है। इसलिए इसे रोका जाना चाहिए। फिलहाल शीर्ष अदालत के फैसले पर तेलंगाना सरकार का कोई रिएक्शन नहीं आया है।

## जीएसटी चोरी मामले में उद्योगपति संजय जैन को मिली जमानत

**मुजफ्फरनगर, 16 अक्टूबर (बु.)।** जीएसटी चोरी के मामले में गिरफ्तार किए गए सर्वोत्तम मिल के मालिक संजय जैन को गुरुवार जमानत मिल गई। सेंट्रल जीएसटी की विशेष टीम ने टैक्स चोरी के मामले में संजय जैन को गिरफ्तार किया था। उनकी जमानत के लिए मेरठ की स्पेशल कोर्ट में प्रार्थनापत्र दिया गया था। मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने आज संजय जैन की जमानत याचिका स्वीकार कर ली। इसके बाद उनकी रिहाई का रास्ता साफ हो गया है।

## चांडूराम की अंतिम यात्रा में पाकिस्तान से लखनऊ आए भक्त, सीएम योगी ने भी किए अंतिम दर्शन

**लखनऊ, 16 अक्टूबर (एजेंसी)। लखनऊ में सिंधी समाज के संत साईं चांडूराम साहिब की अंतिम यात्रा में हजारों लोगों की भीड़ है। उनकी अंतिम यात्रा आलमबाग स्थित शिव शक्ति आश्रम से निकल चुकी है। इसमें अनुयायी नंगे पांव ही शामिल हुए हैं। कई अनुयायी पाकिस्तान के कराची से आए हैं। सीएम योगी ने गुरुवार सुबह और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बुधवार रात साईं चांडूराम के पार्थिव शरीर के अंतिम किए। साईं चांडूराम लंबे समय से बीमार थे। उन्होंने बुधवार दोपहर मेदांता हॉस्पिटल में 78 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। उनके निधन के बाद से ही आश्रम में हजारों की भीड़ लगी हुई थी। आज सुबह से अनुयायियों का तांता लगा हुआ था। अंतिम दर्शन के लिए आश्रम के बाहर 1-1 किमी लंबी 2 लाइनें लगी हुई थीं। कई महिला अनुयायी अंतिम दर्शन के साथ रोती नजर आईं। हजारों भक्त रोते बिलखते हुए संत के अंतिम यात्रा में शामिल हैं। लखनऊ सांसद व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ने संत के निधन पर शोक जताया। राजनाथ सिंह ने लिखा- संत साईं चांडूराम साहिब ने अपना संपूर्ण जीवन समाज के दीनहीन और असहायजनों की सेवा में समर्पित कर दिया। संत का जन्म 9 सितंबर 1947 को पाकिस्तान के सक्खर जिले में हुआ था। 13 साल की उम्र में इन्होंने गुरु की गद्दी संभाली। 1976 में यानी 49 साल पहले पाकिस्तान से भारत आए। अनुयायियों के आग्रह पर लखनऊ में बस गए। तब से वे लगातार समाजसेवा, धार्मिक उपदेश और मानवता के प्रचार में लगे रहे। आश्रम से गाड़ी से निकालने के बाद आलमबाग चौराहे पर अंतिम यात्रा के लिए सजाया हुआ रथ मिला। इस पर साईं चांडूराम के पार्थिव शरीर को खुले में रख दिया गया जिससे उनके अनुयायी अच्छे से अंतिम दर्शन कर सकें।**



## श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद : दस्तावेजों की सुरक्षा के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट का रिकॉर्ड डिजीटलाइज करने का निर्देश

**मथुरा, 16 अक्टूबर (एजेंसी)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हाल ही में रजिस्ट्रार (न्यायिक) (कंप्यूटर) को श्री कृष्ण जन्मभूमि टाइटल विवाद से संबंधित सभी रिकॉर्ड्स के डिजिटलीकरण के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया, ताकि मामले के दस्तावेजों की सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। यह आदेश जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा की पीठ ने पारित किया, जिन्हें अब हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में स्थानांतरित कर दिया गया है। हाईकोर्ट वर्तमान में कृष्ण जन्मभूमि टाइटल विवाद से संबंधित 18 सिविल मुकदमों की सुनवाई कर रहा है। इन सभी मुकदमों में एक सामान्य प्रार्थना यह की गई कि मथुरा में कटरा केशव देव मंदिर के साथ 13.37 एकड़ परिसर को साझा करने वाली शाही ईदगाह मस्जिद को वहाँ से हटा दिया जाए। इसके अतिरिक्त, याचिकाकर्ता शाही ईदगाह परिसर पर कब्जा और वर्तमान ढाँचे को ध्वस्त करने की मांग कर रहे हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हाल ही में रजिस्ट्रार (न्यायिक) (कंप्यूटर) को श्री कृष्ण जन्मभूमि टाइटल विवाद से संबंधित सभी रिकॉर्ड्स के डिजिटलीकरण के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया, ताकि**



**मामले के दस्तावेजों की सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। यह आदेश जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा की पीठ ने पारित किया, जिन्हें अब हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में स्थानांतरित कर दिया गया है। हाईकोर्ट वर्तमान में कृष्ण जन्मभूमि टाइटल विवाद से सम्बंधित 18 सिविल मुकदमों की सुनवाई कर रहा है। इन सभी मुकदमों में एक सामान्य प्रार्थना यह की गई कि मथुरा में कटरा केशव देव मंदिर के साथ 13.37 एकड़ परिसर को साझा करने वाली शाही ईदगाह मस्जिद को वहाँ से हटा दिया जाए। इसके अतिरिक्त, याचिकाकर्ता शाही ईदगाह परिसर पर कब्जा और वर्तमान ढाँचे को ध्वस्त करने की मांग कर रहे हैं।**

## दो वर्षीय मासूम की छत से गिरकर मौत

**मुजफ्फरनगर, 16 अक्टूबर (बु.)।** मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव सराय रासलपुर में एक दो वर्षीय मासूम अरहान पुत्र नदीम की छत से गिरकर मौत हो गई। गुरुवार की शाम अरहान घर की छत पर खेलते समय संतुलन खोने के कारण नीचे गिर गया। उसके नीचे गिरने के बाद परिजन तुरंत उसे पास के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## रणदीप सुरजेवाला को उड़ाने की धमकी, पाकिस्तानी से आया कॉल

**कैथल, 16 अक्टूबर (एजेंसी)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सदस्य रणदीप सिंह सुरजेवाला ने परिवार और अपनी सुरक्षा को खतरा बताते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। सूत्रों के मुताबिक सुरजेवाला के वकील ने कोर्ट को बताया कि 11 और 13 सितंबर को पाकिस्तान के मोबाइल नंबर से धमकी भरे ऑडियो नोट्स और कॉल मिले, जिसमें उन्हें ग्रेनेड लॉन्चर से उड़ाने की धमकी दी गई। सुरजेवाला के वकील ने यह तर्क भी दिया कि अन्य पूर्व सांसदों और विधायकों को मोबाइल सुरक्षा प्रदान की गई है, जबकि उन्हें इससे वंचित रखा गया। गौरतलब है कि पहले उन्हें वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गई थी, लेकिन गृह मंत्रालय की हालिया रिपोर्ट में कहा गया कि उन्हें अब किसी विशेष खतरे की आशंका नहीं है, इसलिए सुरक्षा हटाई जा सकती है। इस संदर्भ में सभी पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट के जस्टिस सुधीर सहगल ने केंद्र और प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया और 10 नवंबर तक जवाब दाखिल करने का आदेश दिया।

# भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा, भारतीय पीएम ने भरोसा दिया : ट्रम्प

## ▶ फिर बोले ट्रम्प : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मेरे दोस्त

**वाशिंगटन, 16 अक्टूबर (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा। गुरूवार को व्हाइट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए ट्रम्प ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेरे दोस्त हैं। हमारे बीच बहुत अच्छे सम्बंध हैं। भारत के रूस से तेल खरीदने से मुझे खुशी नहीं थी, लेकिन आज उन्होंने (पीएम मोदी) मुझे भरोसा दिया कि वे रूस से तेल नहीं खरीदेंगे। अब हमें चीन से भी यही करवाना होगा। दरअसल, अमेरिका अगस्त 2025 में भारत पर रूस से तेल खरीदने की वजह से 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगा चुका है। इससे पहले उसने 25% रेसिप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ लगाया था। इससे भारत पर कुल टैरिफ 50% हो गया है। ट्रम्प ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए यह भी कहा कि हाल में भारत में अमेरिकी राजदूत बनने जा रहे सर्जियो गोर और पीएम मोदी की मुलाकात हुई थी। इस मीटिंग के बाद सर्जियो ने मुझे बताया कि, वे (मोदी) ट्रम्प से प्यार करते हैं, हालांकि मैं चाहूंगा कि यहां प्यार शब्द का गलत मतलब न निकालें, मैं किसी का पॉलिटिकल करियर खराब नहीं करना चाहता। मैंने सालों से भारत को देखा है, वहां हर साल सरकार बदल जाती है। मेरे दोस्त (मोदी) लंबे समय से वहां पर हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा। हालांकि वे इसे तुरंत रोक नहीं सकते, लेकिन इसका एक प्रोसेस है जिसे जल्द पूरा किया जाएगा। ट्रम्प के दावे पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'भारत तेल और गैस का बड़ा खरीदार है। जनता के हितों की रक्षा करना हमारी प्राथमिकता रही है। हमारी आयात नीतियां इसी मकसद को पूरी करती हैं। ऊर्जा नीति के दो लक्ष्य हैं, पहला स्थिर कीमतें तय करना और दूसरा सुरक्षित आपूर्ति बनाए रखना।' जायसवाल ने आगे कहा, 'इसके लिए हम ऊर्जा स्रोतों को व्यापक बनाते हैं और बाजार स्थितियों के अनुसार विविधता लाते हैं। जहां तक अमेरिका का सवाल है, हम कई सालों से अपनी ऊर्जा खरीद का विस्तार करने का प्रयास कर रहे हैं। पिछले दशक में इसमें लगातार प्रगति हुई है।'



## डोनाल्ड ट्रंप के दावों को भारत ने किया खारिज

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे पर सफाई देते हुए कहा कि बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ट्रंप के बीच फोन पर कोई बातचीत नहीं हुई। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सवालों का जवाब देते हुए कहा, "मुझे दोनों नेताओं के बीच कल हुई किसी बातचीत की जानकारी नहीं है।" मंत्रालय के बयान से ट्रंप का दावा खारिज हो गया है, जिसमें मोदी ने उन्हें आश्वासन दिया है। आपको बता दें कि गुरुवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय ने साफ कहा कि इस विषय पर पहले ही एक आधिकारिक बयान जारी किया जा चुका है, जिसमें ट्रंप के दावे का जवाब दिया गया है। मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, ҳजहां तक प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप के बीच फोन पर किसी बातचीत की बात है, कल (बुधवार) ऐसा कोई कॉल नहीं हुआ।ҳ इससे भारत ने यह स्पष्ट कर दिया कि डोनाल्ड ट्रंप का दावा पूरी तरह से निराधार है।

## स्कूलों-कॉलेजों में आरएसएस की गतिविधियों पर लगेगा बैन, कर्नाटक कैबिनेट का फैसला, नया कानून जल्द

**बेंगलुरू, 16 अक्टूबर (एजेंसी)।** कर्नाटक मंत्रिमंडल ने सरकारी स्कूलों और कॉलेज परिसरों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों को रोकने के लिए नियम लाने का फैसला किया है। राज्य के मंत्री प्रियांक खरगे ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि गुरूवार को कर्नाटक कैबिनेट ने राज्य के सरकारी स्कूलों और कॉलेजों के परिसरों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों को रोकने के लिए नियम लाने का फैसला किया है। खरगे की यह टिप्पणी कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की उस टिप्पणी के बाद आई है, जिसमें उन्होंने एक दिन पहले ही कहा था कि उनकी सरकार इस बात पर विचार कर रही है कि कैसे सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी संगठन लोगों को परेशान न करे। कर्नाटक कैबिनेट के इस फैसले से राज्यभर के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों और कॉलेजों के परिसरों में अब आरएसएस की बैठकों और अन्य गतिविधियों पर प्रतिबंध लगने की संभावना है। संघ केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा की मातृ संस्था कही जाती है। बता दें कि प्रियांक खरगे ने ही मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से सरकारी स्कूलों, कॉलेजों और सरकारी मंदिरों में आरएसएस की गतिविधियों पर रोक लगाने का आग्रह किया था और इस संगठन पर युवाओं का ब्रेनवॉश करने और संविधान के विरुद्ध काम करने का आरोप लगाया था। खरगे के इस अनुरोध के बाद उन्हें धमकी भरे फोन कॉल आ रहे थे। इस बीच, बेंगलुरु पुलिस ने महाराष्ट्र के एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसने कथित तौर पर प्रियांक खरगे को फोन किया था और सार्वजनिक स्थानों पर आरएसएस की गतिविधियों को बैन करने के लिए मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को पत्र लिखने को लेकर उनके खिलाफ अभद्र टिप्पणियां कीं। इस आरोपी ने जब खरगे को फोन किया था तब मंत्री ने इस बातचीत का वीडियो बना लिया था। उसके बाद सदाशिवनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। इसके बाद 'बेंगलुरु सेंट्रल डिवीजन' और कलबुर्गी पुलिस के संयुक्त अभियान में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।





1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## ट्रम्प, राहुल गांधी और विदेश मंत्रालय

ट्रम्प ने भारत के रूस से तेल खरीदने को लेकर एक बयान दिया है, उस बयान पर राहुल गांधी ने बयान दिया है। ट्रम्प और राहुल के बयानों की विश्वसनीयता कितनी है ये सभी जानते हैं, अमेरिका में ट्रम्प को और भारत में राहुल को लोग कितनी गंभीरता से लेते हैं ये भी सभी को पता है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने ट्रम्प के बयान के बाद अपनी प्रतिक्रिया में इस बातचीत के बारे में कोई जानकारी नहीं होने की बात कही है। अभी कुछ दिन पहले ट्रम्प ने भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत बताया था, उन्हीं की हाँ में हाँ मिलाते हुए राहुल गांधी ने भी भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत बता दिया था, दोनों ही की सोशल मीडिया पर लोगों ने खिल्ली उड़ाई थी, अब अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारतीय अर्थव्यवस्था को विश्व की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बताया है, लेकिन अपने बयानों पर न ट्रम्प को कोई मलाल है न राहुल गांधी को। इस मामले में भी दोनों के बयानों पर चर्चाएं तो हो रही हैं, लेकिन यकीन कम ही लोग कर रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि भारतीय प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने रूस से तेल खरीदना बंद करने पर सहमति जताई है। ट्रम्प कई बार कह चुके हैं कि यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए रूस पर आर्थिक दबाव बनाना जरूरी है और उससे तेल खरीदने वाले देश अप्रत्यक्ष रूप से युद्ध में रूस की मदद कर रहे हैं। ट्रम्प ने कहा,यूक्रेन युद्ध एक ऐसी जंग है, जो रूस को एक हफ़्ते में जीत लेनी चाहिए थी, लेकिन इसको चार साल हो चुके हैं। मैं यह युद्ध खत्म होते देखना चाहता हूं। मैं रूस से भारत के तेल खरीदने से खुश नहीं था। आज उन्होंने मुझे आश्वासन दिया है कि वो रूस से तेल नहीं खरीदेंगे। यह एक बड़ा कदम है। तेल की खरीद से जुड़े मुद्दे पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत बड़ी मात्रा में तेल और गैस का आयात करता है। ऊर्जा के लगातार बदलने वाले माहौल में भारतीय उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। ऊर्जा की कीमतों को स्थिर बनाए रखना और इसकी सप्लाई सुनिश्चित करना हमारे दो मकसद रहे हैं। रणधीर जायसवाल का कहना है, जहां तक अमेरिका का सवाल है, तो हम कई साल से अपनी ऊर्जा खरीद का दायरा बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले एक दशक में इसमें लगातार प्रगति हुई है। अमेरिका के मौजूदा प्रशासन ने भारत के साथ ऊर्जा सहयोग को और बढ़ाने में रुचि दिखाई है और इस पर बातचीत जारी है। रूस कच्चे तेल और गैस का बड़े पैमाने पर निर्यात करता है, जिनके प्रमुख खरीदार चीन, भारत और तुर्की हैं। ट्रम्प ने कहा,अब मुझे चीन से भी ये कराना है। ट्रम्प ने एक सवाल के जवाब में भारत के बारे में कहा कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी मेरे मित्र हैं हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। मैं इस बात से खुश नहीं था कि भारत तेल खरीद रहा है और उन्होंने आज मुझे आश्वासन दिया कि वे रूस से तेल नहीं खरीदेंगे। ट्रम्प प्रशासन चीन सहित अन्य व्यापारिक साझेदारों पर भी रूस से तेल की खरीद बंद करने का दबाव बना रही है, ताकि रूस को होने वाली कमाई पर रोक लगाई जा सके। ट्रम्प ने कहा कि भारत तुरंत तेल आयात बंद नहीं कर सकता, लेकिन यह बदलाव एक प्रक्रिया का हिस्सा है और यह जल्द ही पूरा हो जाएगा। ट्रम्प प्रशासन ने भारत से आने वाले सामान पर 50 फीसदी तक टैरिफ लगाया है। ट्रम्प ने इस बड़े टैरिफ को रूस से तेल और हथियार खरीदने के लिए भारत को दी गई सजा बताया था। भारत के रूस से तेल खरीद पर डोनाल्ड ट्रम्प के इस दावे के बाद राहुल गांधी ने कल प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमन्त्री मोदी ट्रम्प से डरे हुए हैं। वो ट्रम्प को यह फैसला लेने और घोषणा करने देते हैं कि भारत रूसी तेल नहीं खरीदेगा। वो बार-बार की गई अनदेखी के बावजूद ट्रम्प को बधाई संदेश भेजते रहते हैं। इससे पहले भी कांग्रेस लगातार डोनाल्ड ट्रम्प के अलग-अलग दावों पर पीएम मोदी पर सवाल उठाती रही है। ट्रम्प कई बार यह दावा कर चुके हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच मई में हुए संघर्ष को रुकवाने में उन्होंने भूमिका निभाई थी। हालांकि भारत ने कभी भी उनके दावों की पुष्टि नहीं की है। राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में कहा कि वित्त मंत्री की अमेरिका यात्रा रद्द कर दी गयी। शर्म अल-शेख सम्मेलन में शामिल नहीं हुए, ऑपरेशन सिंदूर पर ट्रम्प का विरोध नहीं किया। प्रधानमन्त्री मोदी पहले भी कई बार ये कह चुके हैं कि भारत रूस-यूक्रेन युद्ध में निष्पक्ष है। हालाँकि भारत और रूस के बीच पुराने और घनिष्ठ संबंध रहे हैं। पिछले दिनों भारतीय अधिकारियों ने ट्रम्प प्रशासन के इस आरोप को दोहरा मानदंड बताया है कि भारत रूस के युद्ध से मुनाफ़ा कमा रहा है। भारत कह चुका है कि अमेरिका और यूरोप भी रूस के साथ व्यापार जारी रखे हुए हैं। भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारत अपने आर्थिक हितों के लिए रियायती दरों पर रूस से कच्चा तेल खरीदता आ रहा है। भारत ने कहा था, हाल के दिनों में अमेरिका ने रूस से भारत के तेल आयात को निशाना बनाया है। हम इन मुद्दों पर पहले ही अपना रुख स्पष्ट कर चुके हैं, जिसमें यह तथ्य भी शामिल है कि हमारा आयात बाजार की परिस्थितियों पर आधारित है और इसका उद्देश्य भारत की एक अरब 40 करोड़ आबादी की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना है। रूसी तेल को लेकर यह विवाद ट्रम्प और मोदी के रिश्तों में तनाव की वजह बना है, हालाँकि बुधवार को ट्रम्प ने मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें महान व्यक्ति कहा। मोदी ने पिछले हफ़्ते कहा था कि उनकी ट्रम्प से बातचीत हुई, जिसमें दोनों नेताओं ने व्यापार वार्ताओं में हुई अच्छी प्रगति की समीक्षा की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से लगाए गए टैरिफ के बावजूद भारत ने रूस से कच्चा तेल खरीदना जारी रखा है। यह बयान ट्रम्प ने दिया है, प्रधानमन्त्री मोदी ने इस बारे में अभी कुछ नहीं कहा है। पिछले महीने यानी सितंबर में भारत ने रूस से 2.5 अरब यूरो यानी 2.91 अरब डॉलर की कच्चे तेल की खरीद की। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता देश है, जबकि सितंबर में चीन के बाद भारत रूसी तेल का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बना रहा। आंकड़े बताते हैं कि सितंबर में भारत ने रूसी जीवाश्म ईंधन की कुल 3.6 अरब यूरो की खरीद की। हाल ही के दिनों में ऐसा कुछ नहीं लगता कि भारत, रूस से तेल खरीदना बन्द कर देगा, लेकिन नेता बयान देते रहे हैं देते रहेंगे।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'जहालत' 'अक़्ल' 'उम्मीद' 'भेड़'

कुछ पढ़े लिक्खे भी अब तो हैं जहालत का शिकार,
जाहिलों से अक़्ल की उम्मीद करना छोड़िए।
भेड़ की मानिंद जीते हैं यहां जाहिल हुज़ूर,
एक उल्टा चल दिया तो बाकी भी उल्टे चले।

# अनु चौहान बनी एक दिन की जिला पंचायत अध्यक्ष

## – जन समस्याओं को सुन दिए अफसरों को निदान के निर्देश

मुजफ्फरनगर, 16 अक्टूबर (बु.)। मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भावना व कल्पनाओं की उड़ान को और ऊंचाई देते हुए गुरूवार को अनु चौहान को एक दिन के लिए जिला पंचायत अध्यक्षा की कुर्सी सौंपी। जय हिंद पब्लिक स्कूल ग्राम मजलिसपुर तौफीर की कक्षा 11वीं की छात्रा का जिला पंचायत कार्यालय पहुंचने पर अपर मुख्य अधिकारी योगेश कुमार एवं स्टेनो अक्षय शर्मा समेत सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने बुके भेंटकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया और वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने अनु चौहान को सम्मानपूर्वक कुर्सी पर बैठाया। मुजफ्फरनगर जिला पंचायत अध्यक्ष का दायित्व संभालने के बाद कुमारी अनु चौहान ने जिला पंचायत के





सदस्यों अमित रावल, तरुण पाल, सचिन करानिया, वीरेंद्र उर्फ बिल्लू से परिचय प्राप्त किया तथा जिला पंचायत में सभी कार्यरत अधिकारियों का परिचय लिया। कु. अनु चौहान ने जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में जन समस्याओं को सुनकर डीएम, एसएसपी, जिला पंचायत के अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी सदर से वार्ता कर इन समस्याओं के समाधान के लिए कहा। उन्होंने सीएमओ से स्वास्थ्य शिविर एवं दवाई छिड़काव का अनुरोध भी किया। अनु चौहान ने कार्यालय परिसर का निरीक्षण करते हुए कर्मचारियों से संवाद भी किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि नारी सशक्तिकरण की दिशा में सरकार के प्रयासों को आगे बढ़ाना सभी का दायित्व है। वहीं अनु चौहान ने बताया कि वह भविष्य में डॉक्टर बन कर लोगों की सेवा करना चाहती है। इस दौरान एएमए योगेश कुमार, प्रशासनिक अधिकारी नरेंद्र कुमार शर्मा, स्टेनो अक्षय शर्मा, सुरेंद्र कुमार, राकेश, लिपिक प्रतिभा सहित जिला पंचायत सदस्य, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कनाडा में कपिल शर्मा के रेस्टोरेंट पर तीसरी बार फायरिंग, लॉरेंस गैंग ने ली जिम्मेदारी

टोरंटो, 16 अक्तूबर (एजेंसी)। शहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा के रेस्टोरेंट कैप्स कैफे पर एक बार फिर हमला हुआ है। पिछ्ल सिर्फ चार महीनों में यह तीसरी बार है, जब कपिल शर्मा के इस रेस्टोरेंट को निशाना बनाया गया है। इस हमले की जिम्मेदारी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली है। मीडिया रिपोर्ट्स के



अनुसार, इस हमले का क्रेडिट गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों और कुलदीप सिद्धू ने सोशल मीडिया पर लिया है। ये दोनों ही माफिया सरगना लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह का हिस्सा हैं। बार-बार हो रहे इन हमलों ने कनाडा में स्थित कपिल शर्मा के इस कैफे की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि कपिल शर्मा ने इस घटना पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। आपको बता दें कि कॉमेडियन कपिल शर्मा का कनाडा, ब्रिटिश कोलंबिया स्थित ह्यकैप्स कैफेह्न लगातार अपराधियों के निशाने पर बना हुआ है। इसी साल जुलाई और अगस्त में भी इस कैफे पर फायरिंग हुई थी, जिसके बाद हाल ही में यह तीसरी घटना सामने आई है। जुलाई में हमलावरों ने कैफे पर 9 राउंड फायरिंग की थी, जिसकी जिम्मेदारी खालिस्तानी आतंकी हरजीत सिंह लाड्डी ने ली थी। वहीं अगस्त में हुई फायरिंग में कैफे की खिड़कियों पर छह गोली के निशान मिले थे. इस हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े गोल्डी ढिल्लो ने सोशल मीडिया पर ली थी। वहीं इसके बाद फिर से कपिल के कैफे पर हमला हुआ है। जुलाई के हमले के बाद, कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया था कि कपिल शर्मा ने अपने शो में निहंग सिखों के खिलाफ टिप्पणी की थी, जिससे नाराज होकर गोलीबारी की गई। हरजीत सिंह लाडी और तूफान सिंह ने वीडियो जारी कर कपिल को माफी मांगने की चेतावनी भी दी थी। इसके साथ ही खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने भी कपिल शर्मा को कनाडा में कैफे खोलने पर धमकी दी थी।

## पालिका चेयरपर्सन ने किया महिला अस्पताल का निरीक्षण

मुजफ्फरनगर, 16 अक्टूबर (बु.)। स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति सुधारने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच गुरूवार को महिला अस्पताल का पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने औचक निरीक्षण करते हुए सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सीएमएस डॉ. आभा आत्रेय समेत अस्पताल का पूरा प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने गुरूवार को महिला अस्पताल में स्वच्छता, व्यवस्था व मरीजों को दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा की। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई की व्यवस्था की सराहना की, साथ ही जहां कुछ कमियां दिखीं, वहां सुधार के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान मीनाक्षी स्वरूप ने वार्डों में जाकर मरीजों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। जिला अस्पताल के कार्यालयों में स्टाफ से मुलाकात की। वहीं अस्पताल की आवश्यकता को भी समझने का प्रयास किया। निरीक्षण के दौरान महिला सीएमएस डॉ. आभा आत्रेय ने अस्पताल



की मौजूदा व्यवस्थाओं और स्टाफ की कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी दी। डॉ. आभा आत्रेय ने बताया कि अस्पताल प्रशासन द्वारा नियमित साफ-सफाई और मरीजों की सुविधा के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। अस्पताल परिसर में कूड़ा निस्तारण, पेयजल आपूर्ति, शौचालय, दवा वितरण की स्थिति की जानकारी ली और पालिका प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। निरीक्षण को लेकर नगरपालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि स्वस्थ समाज की नींव स्वच्छ और सुचारू स्वास्थ्य सेवाओं पर टिकी होती है। हमारा प्रयास है कि मुजफ्फरनगर की जनता को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं मिलें। पालिका प्रशासन और अस्पताल मिलकर बेहतर सेवाएं देने का प्रयास करें, यही हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि नगर क्षेत्र के सरकारी अस्पतालों में स्वच्छता और सेवा में कोई समझौता नहीं किया जा सकता। जिला अस्पताल प्रशासन की बरसों पुरानी मांग रही है कि अस्पताल के बाहर बने दो कूड़ा डलावघरों को हटवा जाये। हमने प्राथमिकता पर यह सुनिश्चित किया है। रुड़की रोड वाला कूड़ा डलावघर पालिका जल्द सेल्फी प्वाइंट के रूप में विकसित करने जा रही है। लद्दावाला की ओर बने डलावघर बंद कराया है, यहां कॉम्पेक्टर को हटवाकर वेंडिंग जोन बनाने का प्रस्ताव हाल में पालिका बोर्ड ने मंजूर किया है, जल्द से जल्द यह कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा। सीएमएस डॉ. आभा ने अस्पताल के लिए जो आवश्यकता जताई है, वो हम पूर्ण करने का भरपूर प्रयास करेंगे।

# मिशन शक्ति के तहत डीएम-एसएसपी ने किया जेल निरीक्षण

## – महिला बंदियों से वार्ता करके बांटे दीपावली पर फल व उपहार

मुजफ्फरनगर, 16 अक्टूबर (बु.)। सीएम योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश पर महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए संचालित मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत गुरूवार को डीएम उमेश मिश्रा एवं एसएसपी संजय कुमार वर्मा एवं एसपी अपराध नोडल अधिकारी मिशन शक्ति इन्दु सिद्धार्थ द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने इस दौरान महिला बंदियों से सुविधाओं की जानकारी ली। इस बीच निरीक्षण में अधिकारियों ने महिला बंदियों से वार्ता करते हुए जेल में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, भोजन, चिकित्सा, स्वच्छता एवं कानूनी सहायता की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। आलाधिकारियों ने इस बीच महिला बंदियों द्वारा बताई तमाम समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों ने मौके पर ही जरुरी दिशा निर्देश दिए। मौके पर मौजूद





अधिकारियों को वार्ता के दौरान एक महिला बंदी ने बताया कि उसे वकील उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिस पर डीएम-एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों को उक्त बंदी को तुरंत अधिवक्ता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि बंदी को विधिक सहायता समय से प्राप्त हो सके। इसी प्रकार, एक अन्य महिला बंदी ने बताया कि वह अपने बच्चे से नहीं मिल पा रही है, जिस पर अधिकारियों ने तत्काल थाना कोतवाली नगर पुलिस को निर्देशित किया कि संबंधित महिला बंदी को उनके बच्चे से शीघ्र मिलवाया जाए। इसके अलावा एक अन्य महिला बंदी ने अवगत कराया कि उनके बच्चों का नाम स्कूल से काट दिया है, जिस पर दोनों अफसरों ने संबंधित स्कूल की जानकारी प्राप्त करके बच्चों का नाम पुनः विद्यालय में जोड़ने के निर्देश दिए, ताकि बच्चों की शिक्षा प्रभावित न हो। डीएम उमेश मिश्रा ने जिला कारागार अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिला बंदियों की सुरक्षा, सम्मान व मूलभूत सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कमी न हो व हर महिला बंदी को न्यायोचित सहायता समय से उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान महिला बंदियों को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा व पुलिस अधीक्षक अपराध इन्दु सिद्धार्थ द्वारा महिला बंदियों को दीपावली पर्व पर शुभकामनाओं के साथ फल, कपड़े एवं बच्चों के लिए खिलौने आदि उपहार रूप में भेंट किये गये।

## बिहार में ओवैसी के उम्मीदवार के नामांकन में बिरयानी के लिए मारा मारी

किशनगंज, 16 अक्तूबर (एजेंसी)। बिहार चुनाव को लेकर सियासी पारा हर बीतते दिन के साथ और चढ़ता जा रहा है। इस चुनावी माहौल में नेताओं के नामांकन में समर्थकों की भारी भीड़ एक आम सी बात है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि किसी प्रत्याशी के नामांकन से पहले की दावत में बिरयानी की लूट के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ेगी। ऐसा हुआ है बिहार के किशनगंज के बहादुरगंज विधानसभा क्षेत्र में। बिरयानी लूट का ये वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में लोगों की भीड़ बिरयानी लूटने के लिए के दूसरे पर चढ़ते और कैसे भी करके बिरायानी लूटने की कोशिश करते दिख रहे हैं। दरअसल, हुआ कुछ यूं कि किशनगंज जिले के बहादुरगंज विधानसभा क्षेत्र से एआईएमआईएम प्रत्याशी तौसीफ आलम ने नामांकन से पहले अपने समर्थकों के लिए बिरयानी की दावत रखी थी। इसी दावत के दौरान उनके समर्थकों में बिरयानी को लेकर लूट मच गई। इस घटना का एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में दिख रहा है कि जिसे जैसे मौका मिल रहा है वो पैसे बिरयानी पर हाथ साफ करता दिख रहा है। बता दें कि एआईएमआईएम बिहार विधानसभा चुनाव में अपने सहयोगियों के साथ मिलकर एक नए गठबंधन के तहत चुनाव लड़ रही है। एआईएमआईएम ने आजाद समाज पार्टी और अपनी जनता पार्टी के साथ गठबंधन किया है, जिसे 'ग्रैंड डेमोक्रेटिक अलायंस' नाम दिया गया है। इस गठबंधन के तहत एआईएमआईएम 35 सीटों पर उम्मीदवार उतार रही है। गठबंधन कुल 64 सीटों पर चुनाव लड़ रहा है, जिसमें एएसपी 25 सीटों पर और एजेपी 4 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।



## बीजेपी की स्टार प्रचारक की लिस्ट में पीएम, नड्डा, योगी समेत 40 नेताओं के नाम

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर (एजेंसी)। भाजपा ने बिहार चुनाव के पहले चरण के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। 40 नेताओं की लिस्ट में भोजपुरी पावर स्टार पवन सिंह का भी नाम है। बता दें कि पवन सिंह ने अब तक ऑफिशियल पार्टी की सदस्यता नहीं ली है, लेकिन वो खुद को बीजेपी का सच्चा सिपाही कहते हैं। इस लिस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत अन्य नेताओं के नाम शामिल हैं। इस बार भाजपा ने सांस्कृतिक जुड़ाव और जनसंपर्क को और सशक्त करने के लिए भोजपुरी जगत के लोकप्रिय चेहरों को भी स्टार प्रचारक बनाया है। इनमें पवन सिंह, मनोज तिवारी, रवि किशन और दिनेश लाल यादव "निरहुआ" शामिल हैं। इनके जरिए भाजपा युवाओं और भोजपुरी बोलने वाले क्षेत्रों में माहौल बनाने की रणनीति पर काम कर रही है। महिला नेत्रियों में स्मृति ईरानी, रेखा गुप्ता और रेनू देवी को स्टार प्रचारक बनाया गया है। वहीं बिहार से जुड़े वरिष्ठ नेताओं सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, नित्यानंद राय, राधा मोहन सिंह, अश्विनी कुमार चौबे, रवि शंकर प्रसाद, नंद किशोर यादव और राजीव प्रताप रूड़ी को भी इस सूची में जगह दी गई है। प्रदेश स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, डॉ. संजय जायसवाल, सतीश चंद्र दुबे, राज भूषण चौधरी, गोपाल जी ठाकुर, जनक राम और प्रदीप कुमार सिंह को भी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया गया है। भोजपुरी सिंगर पवन सिंह ने पत्नी ज्योति सिंह से चल रहे विवाद के बीच 11 अक्टूबर को सोशल मीडिया पर बड़ा ऐलान किया था कि, 'मैं पवन सिंह अपने भोजपुरिया समाज को बताना चाहता हूं कि मैंने बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए पार्टी जॉइन नहीं की थी।

आवश्यकता है
एक लड़की
की जिसे
कम्प्यूटर में
MIS एवं
BASIC
की जानकारी हो।
M.9837958958, 8954155255
M.9997106060,9870752828
N H 58, Near Jansath Fly Over, Muzaffarnagar, Uttar Pradesh, 251001

## मध्य प्रदेश के इंदौर में 24 किन्नरों ने एक साथ पिया जहर

इंदौर, 16 अक्तूबर (एजेंसी)। इंदौर के नंदलालपुर इलाके में बुधवार शाम एक ऐसी घटना घटी, जिसने पूरे शहर को हिलाकर रख दिया। यहां किन्नर समाज के डेरे में दो गुटों के बीच हुए विवाद के चलते करीब 24 किन्नरों ने एक साथ जहर पी लिया। सभी को तुरंत एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कई की हालत गंभीर बनी हुई है। डॉक्टरों की टीम रातभर उनकी निगरानी कर रही है। पुलिस के अनुसार, यह कदम गुस्से और हताशा में उठाया गया लगता है। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और जांच शुरू कर दी। यह घटना किन्नर समुदाय के भीतर व्याप्त तनाव को साफ जाहिर करती है, जहां संपत्ति और नेतृत्व को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। अधिकारियों ने कहा कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल हस्तक्षेप जरूरी है। एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल ने घटना का ब्योरा देते हुए बताया कि बुधवार शाम करीब सात बजे किन्नर समाज के नंदलालपुर स्थित डेरे से हंगामे की सूचना मिली। तुरंत थाना प्रभारी पंडरीनाथ, एसपी सराफा और एडिशनल डीसीपी खुद एक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहां देखा गया कि कई किन्नर बेहोश पड़े थे और उन्होंने संदिग्ध पदार्थ का सेवन कर लिया था। अग्रवाल ने कहा कि स्थिति को देखते हुए सभी 24 लोगों को एमवाय अस्पताल रवाना कर दिया गया। अस्पताल पहुंचने पर कुछ को वेंटिलेटर पर शिफ्ट करना पड़ा। उन्होंने जोर देकर कहा कि जैसे ही मरीजों की हालत स्थिर होगी, उनके बयान दर्ज किए जाएंगे। तब तक आगे की कानूनी कार्रवाई रोकी गई है। इलाके में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस ने भारी फोर्स तैनात कर दी। पड़ोसियों ने बताया कि डेरे से चीखने-चिल्लाने की आवाजें आ रही थीं, जिसके बाद यह हादसा हुआ। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि पंडरीनाथ थाना क्षेत्र में यह वारदात दो गुटों के झगड़े के बीच हुई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि किन्नरों ने फिनाइल जैसा जहरीला पदार्थ पीया है। दंडोतिया ने स्पष्ट किया कि पदार्थ की सटीक पहचान और मात्रा की पुष्टि फॉरेंसिक जांच के बाद ही होगी। उन्होंने बताया कि सीएमएचओ डॉ. प्रवीण जायस्वाल को सभी प्रभावितों के बेहतर इलाज के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अस्पताल प्रशासन ने भी विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम गठित की है।



## अनाथ किशोरी को ब्लॉक अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष ने दी मदद, 11 हजार रुपये की आर्थिक सहायता का किया ऐलान

चरथावल, 16 अक्टूबर (बु.)। कस्बे में अनाथ हुई 10 वर्षीया आरोही तोमर को भारतीय किसान यूनियन सर्व के जिलाध्यक्ष अमित कुमार एवं भाकियू अराजनैतिक ब्लॉक अध्यक्ष काला प्रधान चौकड़ा ने आर्थिक सहायता प्रदान की है। उन्होंने आरोही के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए 11 हजार रुपये की नकद राशि देने की घोषणा की। यह सहायता आरोही की स्व. माता अनिता तोमर की रस्म पगड़ी के अवसर पर दी गई। भाकियू अराजनैतिक ब्लॉक अध्यक्ष काला प्रधान चौकडा व जिलाध्यक्ष अमित कुमार ने बच्ची के भविष्य की चिंता जताते हुए उसे सभी सरकारी योजनाओं का पूर्ण लाभ दिलवाने का भी वादा किया। इसी क्रम में, भाकियू सर्व के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश भारद्वाज व ब्लॉक अध्यक्ष काला प्रधान ने चरथावल नगर पंचायत के ईओ राजीव और बाबू सुनील कश्यप की ओर से भी आर्थिक सहायता दिलवाने का आश्वासन दिया। भाकियू सर्व व भाकियू अराजनैतिक ने समाज से इस अनाथ बच्ची के भविष्य को कठिनाई मुक्त बनाने के लिए अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील की है। आरोही अपनी माता के अंतिम संस्कार के बाद से अकेली रह गई है। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने अनिता तोमर को श्रद्धांजलि अर्पित की।



गीता प्रेस पुस्तक केन्द्र

सभी धार्मिक पुस्तकें मिलने का एकमात्र स्थान, स्वामी रामकृष्ण परमहंस, अखण्डानंद, शिवानन्द, माँ शारदा, विवेकानन्द, ओशो, वेन्कटेश्वर प्रेस, चौखम्बा, वेद, पुराण, उपनिषद, सभी पूजापाठ की सामग्री, भगवान के वस्त्र, राशि के रत्न, मूर्तियाँ, गीता भवन की आयुर्वेदिक दवाईयाँ- हार्ट, शुगर, गुप्त रोग। सभी प्रकार की मूर्तियाँ जैसे- अष्टधातु मूर्तियाँ, पीतल की मूर्तियाँ, मार्बल डस्ट की मूर्तियाँ उपलब्ध हैं।



जन्म कुण्डली निःशुल्क दिखायें (केवल पुस्तक भण्डार पर)

71-सी, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर M.:9412211970, 9389390762

## पुलिस पर ग्रामीणों का परेशान करने का आरोप

जानसठ, 16 अक्टूबर (बु.)। गांव तालड़ा में आयोजित पंचायत में ग्रामीणों ने पुलिस पर किसान अरुण कुमार उर्फ अटल को अगवा करके पांच लाख रुपये की फिरौती वसूलने वाले बदमाशों को पकड़ने के लिए बेकसूर भोले भाले ग्रामीणों को घर से उठाकर उनको पूछताछ करने के नाम पर परेशान करने का आरोप लगाया। पुलिस की इस कार्यप्रणाली को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।



बृहस्पतिवार को गांव तालड़ा में ग्रामीणों की पंचायत हुई। पंचायत में महिलाएं भी मौजूद रहीं। पंचायत में ग्रामीणों का कहना था कि किसान अरुण कुमार को अगवा करने वाले बदमाशों को पकड़ने में पुलिस विफल हो रही है। आरोप था कि पुलिस बदमाशों को पकड़ने के लिए ग्रामीणों को उनके घर से उठाकर कोतवाली में ले जाती है। ग्रामीणों को पुलिस पूछताछ के नाम पर परेशान कर रही है। ग्रामीणों का आरोप था कि पुलिस पूछताछ करने के नाम पर उनके साथ मारपीट भी करती है। पुलिस बेवजह ग्रामीणों को परेशान करने पर आमादा है। पुलिस की इस कार्रवाई से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। सूचना मिलने पर दरोगा रामबीर ग्रामीणों के बीच पहुंचे। दरोगा ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि ग्रामीणों को परेशान नहीं किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से इस घटना में पुलिस का सहयोग करने की बात कही। इसके बाद पंचायत समाप्त हुई। कोतवाली प्रभारी राजीव कुमार शर्मा ने पुलिस फोर्स के साथ जंगल में कांबिंग भी की। पंचायत में पूर्व प्रधान रतन, पूर्व प्रधान महेंद्र कांबोज, लाला संदीप ऐरन, मोहित, सुभाष, रामशरण, मांगेराम, अरविंद प्रजापति आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## पुरकाजी में सांसद चंदन चौहान का जनसंवाद : शिक्षा, व्यापार और विकास पर ठोस आश्वासन

मुजफ्फरनगर/पुरकाजी, 16 अक्टूबर (बुस.)। पुरकाजी ब्लॉक में जनता की समस्याओं को सुनने के बाद बिजनौर लोकसभा सांसद चंदन चौहान ने नगर पंचायत पुरकाजी में पहुंचकर जनसंवाद की एक नई मिसाल पेश की। चेयरमैन जहीर फारूकी के समर्थक सभासदों और स्थानीय नागरिकों ने सांसद का गर्मजोशी से स्वागत किया। यह मुलाकात न केवल पुरकाजी के जनप्रतिनिधियों और बिजनौर सांसद के बीच समन्वय को दर्शाती है, बल्कि क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक ठोस कदम भी साबित हो सकती है। सांसद की मौजूदगी में चेयरमैन पुरकाजी जहीर फारुकी ने कहा कि हमें थानों, तहसील, अस्पतालों के काम नहीं हैं, हमें पुरकाजी की सबसे बड़ी जरूरत पुरकाजी में कॉलेज और व्यापारियों को सुविधाएं चाहिए। चेयरमैन जहीर फारूकी ने सांसद को पुरकाजी की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि हमने व्यक्तिगत रूप से बच्चों की शिक्षा के लिए करोड़ों रुपए कीमत की आठ बीघा भूमि इंटर कॉलेज बनवाने के लिए अपने पास से जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर को दी है। जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर ने जिला विद्यालय निरीक्षक से रिपोर्ट लेकर पुरकाजी में कॉलेज बनवाने का प्रस्ताव भी शासन को भेज रखा है। चेयरमैन कई बार लखनऊ जाकर सम्बन्धित अधिकारियों से मिल चुके हैं, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने पूरे कस्बे की तरफ से सांसद को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि मुख्यमंत्री से पुरकाजी में इंटर कॉलेज बनवाया जाए, ताकि पुरकाजी क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को उच्चतर शिक्षा के लिए दूर न जाना पड़े। यह प्रस्ताव न केवल शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी साबित होगा, बल्कि पुरकाजी को शैक्षिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर होगा। इसके अतिरिक्त दीपावली पर्व पर व्यापारियों को पटाखों की बिक्री को लेकर प्रशासन द्वारा की जा रही अनावश्यक परेशानियों की ओर भी ध्यान दिलाया गया। चेयरमैन ने स्पष्ट किया कि व्यापारियों को भयमुक्त वातावरण में



व्यापार करने का अधिकार है। जनपद मुजफ्फरनगर के एनसीआर में आने का कोई फायदा जनपद को नहीं हुआ बल्कि नुकसान ही नुकसान है। पड़ोस के जिले और उत्तराखंड प्रदेश में खुलेआम पटाखे बिक रहे हैं। दीपावली कोई पहली बार नहीं आ रही है, हमेशा से धूमधाम से मनाई जाती है, लेकिन इस बार व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। छोटे-छोटे दुकानदारों पर मुकदमे लिखे गए हैं, जबकि प्रशासन को व्यापारियों के साथ सहयोगात्मक रवैया अपनाना चाहिए। सांसद चंदन चौहान ने बैठक में स्पष्ट आश्वासन दिया कि किसी भी व्यापारी को बेवजह परेशान नहीं किया जाएगा। उन्होंने इंटर कॉलेज के निर्माण के लिए व्यक्तिगत स्तर पर मुख्यमंत्री जी से मिलकर प्रयास करने की बात कही और यह भी घोषणा की कि अब हर महीने नगर पंचायत पुरकाजी में जनता दर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें आमजन की समस्याएं सीधे सुनी जाएंगी। सांसद चंदन चौहान ने कहा कि मेरी मां का जन्म पुरकाजी में हुआ था, मुझे पुरकाजी से बहुत लगाव है, यहां की हर समस्या मेरी अपनी समस्या है। मैं चेयरमैन पुरकाजी जहीर फारुकी को उनकी कार्यशैली की वजह से व्यक्तिगत रूप से बहुत पसंद करता हूं, वो विकास पुरुष हैं, सभी को साथ लेकर चलते हैं। चेयरमैन, सभासदों और स्थानीय नागरिकों ने इंटर कॉलेज निर्माण हेतु संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपा, जिसे सांसद ने गंभीरता से लिया। इसके बाद सांसद ने कंट्रोल रूम में बैठकर पुरकाजी की जनता को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र में शांति, समृद्धि और विकास की कामना की। सांसद चन्दन चौहान ने चेयरमैन जहीर फारूकी के विकास कार्यों की जमकर तारीफ की। यह संवाद न केवल जनसेवा की भावना को सशक्त करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि जब जनप्रतिनिधि जमीन से जुड़े होते हैं, तो समाधान भी धरातल पर उतरते हैं। पुरकाजी की जनता को अब उम्मीद है कि शिक्षा, व्यापार और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में ठोस बदलाव जल्द ही देखने को मिलेगा। इस मौके पर सभासद शाहलम गौड, नदीम अहमद, इस्तखार अहमद, संदीप गोयल, संचित गर्ग, वंश अग्रवाल, अमित कुमार, रईस कुरैशी, डॉ. महावीर, दीपक माहेश्वरी, इनाम आरामशीन, संजय शर्मा, संजीव शर्मा आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई : बुढ़ाना सहित कई गांवों में छापेमारी





## लाखों का मिलावटी मावा-पनीर नष्ट

**मुजफ्फरनगर, 16 अक्टूबर (बु.)।** दीपावली पर्व के मद्देनजर उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जनपद का खाद्य विभाग मिलावटखोरों पर लगातार शिकंजा कस रहा है। विभाग ने 8 अक्टूबर से मिलावटखोरों के विरुद्ध एक विशेष अभियान शुरू किया हुआ है, जो दीपावली तक जारी रहेगा। इसी क्रम में, एसडीएम अपूर्वा यादव के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीम ने बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के कई गांवों में बड़ी छापेमारी की, जिससे मिलावटखोरों में हड़कंप मच गया है। 28 क्विंटल मावा-पनीर नष्ट, 66 सैंपल लिए गए खाद्य विभाग की सहायक आयुक्त अर्चना धीरन के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान के दौरान अब तक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। विभाग की टीम ने विभिन्न खाद्य सामग्रियों के 66 सैंपल लिए हैं, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। इसके अलावा, कार्रवाई करते हुए 13 कुंतल (1300 किलोग्राम) फूड आर्टिकल सीज किए गए हैं। सबसे बड़ी कार्रवाई में, विभाग ने अब तक 28 क्विंटल (2800 किलोग्राम) मिलावटी मावा और पनीर को नष्ट (डिस्ट्रॉय) किया है। अधिकारियों के मुताबिक, नष्ट किए गए इस मावा और पनीर की अनुमानित कीमत लाखों रुपए है। अकेले बुढ़ाना क्षेत्र में भी टीम ने मिलावट की आशंका वाली कई जगहों पर छापेमारी कर नकली मावा और पनीर जब्त किया। खाद्य विभाग की अधिकारी अर्चना धीरन ने बताया कि त्यौहारों के समय मिठाइयों की मांग बढ़ जाती है, जिसके चलते खोया और पनीर में मिलावट की आशंका रहती है। जनता को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह अभियान जिलेभर में प्रतिदिन चलाया जा रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। विभाग की इस सख्त कार्रवाई से त्योहारों के दौरान मिलावटखोरी पर लगाम लगने की उम्मीद है।

## पीलीभीत में इनोवा खाई में गिरी, दो मरे, 3 घायल

**पीलीभीत 16 अक्टूबर (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में पीलीभीत जिले के गजरौला कला थाना क्षेत्र में गुरुवार रात लगभग आठ बजे अनियंत्रित इनोवा कार खाई में गिरने से दो भाइयों की मौके पर मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस के अनुसार दुर्घटना में शिवकुमार (32) और रूपलाल (50) निवासी अजीतपुर पटपुरा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं खेमकरण (50) और छत्रपाल समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

## एएमयू में सोलर लाइट पर लगी मुख्यमन्त्री की तस्वीरों को लेकर हंगामा

**अलीगढ़16 अक्टूबर (वार्ता)**अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में विधान परिषद कोटे से लगाई गई एक सोलर लाइट के पोल पर लगी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीर की पट्टिका को कुछ छात्रों ने विरोध करते हुए हटवा दिया। इसको लेकर छात्रों का दूसरा समूह विरोध में आ गया और हंगामा होने लगा। हालांकि विश्वविद्यालय प्रशासन का दावा है कि कोटे से लगी सभी 16 लाइटों पर पट्टिका लगी हुई है। जबकि सोशल मीडिया पर एक खंभे से पट्टिका हटाते हुए कुछ छात्रों का वीडियो वायरल हो रहा है। विवि के पूर्व छात्र और भाजपा नेता डॉ. निशित शर्मा ने सीएम कार्यालय को एक्स पर पोस्ट करके मामले की जानकारी दी है।

## गैंगस्टर रुबी हत्याकांड में पति विकास का मुजफ्फरनगर कोर्ट में सरेंडर

**गाजियाबाद, 16 अक्टूबर(एजेंसी)।** गाजियाबाद में 14 अक्टूबर को हुई गैंगस्टर रुबी चौधरी की हत्या में फरार चल रहे गैंगस्टर पति ने आज मुजफ्फरनगर कोर्ट में सरेंडर कर दिया। डीसीपी सिटी गाजियाबाद धवल जायसवाल ने बताया कि विकास चौधरी मेरठ के दौराला थाना क्षेत्र के मछरी गांव का रहने वाला है। गाजियाबाद में गैंगस्टर पति और गैंगस्टर पत्नी के बीच पिछले चार दिनों से चल रहे विवाद का खौफनाक अंत हुआ। जब पति ने पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। छोटी बेटी के सामने उसकी लाश को घसीट कमरे में डाल दिया और घर से निकल गया। छोटी बेटी ने पड़ोसियों को घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस में घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने बताया कि दोनों जमानत बाहर आए थे। घटना की जांच की जा रही है। घटना नंदग्राम की है। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के नंदग्राम के अजनारा इंटीग्रिटी सोसाइटी में 38 वर्षीय विकास कुमार अपनी पत्नी और 13 साल और 11 साल की दो बेटियों के साथ रहता है। जिसकी शादी 14 साल पहले हुई थी। आज मंगलवार की सुबह विकास कुमार और उसकी पत्नी की रूबी के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि विकास कुमार ने रूबी को गोली मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। उसके शव को वॉशरूम से लाकर कमरे में डाल दिया। गोली की आवाज सुनकर छोटी बेटी बाहर निकली तो उसने विकास को रूबी को घसीटते हुए देखा।



# पकड़े गए 3 हजार से अधिक अवैध निर्माण, 430 ध्वस्त, 830 सील

**लखनऊ, 16 अक्तूबर (एजेंसी)। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माणों पर नकेल कसने के लिए ड्रोन तकनीक का सहारा लिया है। पिछले छह महीनों में ड्रोन सर्वे के जरिए प्राधिकरण ने अपने दायरे में आने वाले 352 गांवों में 3,232 अवैध निमार्णो को चिह्नित किया है। इनमें से 470 निर्माणों को ध्वस्त कर दिया गया है, जबकि 830 को सील किया गया है। यह कार्रवाई उन बिल्डरों और इंजीनियरों के खिलाफ भी सख्त संदेश है, जो सांठगांठ कर अवैध निर्माणों को छिपाने का प्रयास करते हैं। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया, प्राधिकरण के अंतर्गत 352 गांवों में ड्रोन सर्वे शुरू किया गया है, जिसमें से 181 गांवों का सर्वे पूरा हो चुका है। इस सर्वे में अवैध कॉलोनियों, कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स और बहुमंजिला इमारतें पकड़ी गई हैं। उन्होंने कहा कि सर्वे के बाद संबंधित इलाके के इंजीनियरों से भी**



रिपोर्ट मांगी जाती है, ताकि यह पता चल सके कि उन्होंने अवैध निर्माण की जानकारी छिपाई थी या नहीं। ड्रोन की मदद से अब ऐसी गड़बड़ियां पकड़ना आसान हो गया है। अलीगंज के सेक्टर के, आई, जे, संगम चौराहा, केंद्रीय भवन और चंद्रलोक कॉलोनी, मंदिर मार्ग, **महानगर जैसे क्षेत्रों में आवासीय जमीन पर अवैध व्यावसायिक निर्माण की शिकायतें मिली हैं। इनकी जांच शुरू हो गई है और जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एलडीए ने नई भवन निर्माण उपविधि में कुछ अवैध निर्माणों को तय सीमा तक वैध करने का प्रावधान किया है। इसके लिए निर्माणकर्ता को शमन मानचित्र पास कराना होगा और निर्धारित शुल्क जमा करना होगा, जो लोग यह प्रक्रिया पूरी नहीं करेंगे, उनके निर्माण ध्वस्त किए जाएंगे। एलडीए की इस दोहरी रणनीति, सख्ती और वैधीकरण से अवैध निर्माण पर लगाम लगाने के साथ-साथ उन लोगों को राहत दी जा रही है, जो नियमों का पालन करने को तैयार हैं। ड्रोन सर्वे ने न केवल अवैध निर्माणों को उजागर किया है, बल्कि प्राधिकरण के कामकाज में पारदर्शिता भी लाई है।**

## नारी सशक्तिकरण हेतु पुलिस द्वारा जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 16 अक्टूबर (बु.)।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत नारी सशक्तिकरण हेतु पुलिस द्वारा जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति फेज-5 के तहत पुलिस द्वारा गुरूवार को यूपी ट्रेड शो एवं स्वदेशी मेला नवीन मंडी स्थल में एसपी क्राइम (नोडल अधिकारी मिशन शक्ति) इन्दु सिद्धार्थ के निर्देशन में एक भव्य जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सीओ यातायात ऋषिका सिंह द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्य, नारी सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं तथा विभिन्नि हेल्पलाइन नंबर-102 (स्वास्थ्य सेवा), 108 (आपातकालीन सेवा), 112 (पुलिस सहायता), 1076 (मुख्यमंत्री महिला हेल्पलाइन), 1090 (वूमेन पावर लाइन) एवं 1930 (साइबर क्राइम रिपोर्टिंग) के संबंध में पूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर बालिकाओं को 'दीजिए शिक्षा व सम्मान, छूने दीजिए इन्हें आसमान' के संदेश के साथ फ्लायर्स वितरित कर जनमानस को नारी सम्मान के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, सहायक आयुक्त उद्योग आशीष कुमार, डॉ. राजीव कुमार व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## यूपी के 28 लाख कर्मचारियों-पेंशनरों को दिवाली का तोहफा, तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाया



**लखनऊ, 16 अक्टूबर (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रकाश पर्व दीपावली के अवसर पर प्रदेश के 28 लाख कर्मचारियों और पेंशनरों को महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) की दरों में वृद्धि का उपहार दिया है। गुरुवार को लिए गए मुख्यमंत्री के इस निर्णय के अनुसार अब प्रदेश के सभी पात्र 16.35 लाख कर्मचारियों एवं 11.52 लाख पेंशनरों व पारिवारिक पेंशनरों को 01 जुलाई 2025 से 55 प्रतिशत के स्थान पर 58 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत का लाभप्राप्त होगा। बढ़ोतरी की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य सरकार अपने कर्मचारियों और पेंशनरों के हितों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। महंगाई के प्रभाव से उन्हें राहत पहुंचाना और उनके जीवनस्तर में सुधार करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय प्रदेश के लाखों कर्मचारियों और पेंशनरों के प्रति संवेदना और सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दीपावली का यह उपहार उनके जीवन में नई ऊर्जा, प्रसन्नता और समृद्धि लेकर आएगा। इस निर्णय का लाभ सभी कर्मचारियों को मिलेगा, जिनमें सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थानों के कर्मचारी, शहरी स्थानीय निकायों के नियमित एवं पूर्णकालिक कर्मचारी, कार्यप्रभारित कर्मचारी तथा यूजीसी वेतनमान के कर्मचारी शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह भी निर्देश दिए हैं कि बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता एवं राहत का भुगतान माह अक्टूबर 2025 से नकद रूप में किया जाए। व्यापक हित मे लिए गए इस निर्णय से मार्च 2026 तक राज्य सरकार पर 1960 करोड़ रुपये का अतिरिक्त व्यय भार आएगा।**

**बता दें कि महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत का भुगतान माह अक्टूबर, 2025 से नकद किये जाने की स्थिति में माह नवम्बर, 2025 में क्रमशः 161 करोड़ तथा 84 करोड़ का व्ययभार का व्ययभार आयेगा। माह जुलाई से सितम्बर, 2025 तक के मंहगाई भत्ता एवं मंहगाई राहत के एरियर के भुगतान पर माह नवम्बर, 2025 में क्रमशः 298 करोड़ एवं 252 करोड़ का अतिरिक्त नकद व्ययभार आयेगा। इस प्रकार माह नवम्बर, 2025 में कुल 795 करोड़ का अतिरिक्त नकद व्ययभार आयेगा। ओपीएस से आच्छादित कार्मिकों के जीपीएफ में 185 करोड़ रुपये जमा होगा, तत्पश्चात माह दिसम्बर, 2025 से प्रत्येक माह 245 करोड़ का अतिरिक्त व्ययभार आयेगा।**

## शेष समाचार : दीप पर्व की रौनक के साथ सज गया बाजार





**दीपावली पर घरों की साज सज्जा हेतु सुंदर झालरें व रंग बिरंगे फूल खरीदती महिलाएं व भगत सिंह रोड पर गुलजार बाजार**



के पीछे दुकानदारों में निर्धारित से अधिक स्थान कब्जाने की होड़ भी नजर आई। हालांकि पुलिस के डर से आज टकराव की स्थिति पैदा नहीं हुई। शिवचौक के साथ रुड़की रोड, मेरठ रोड, अंसारी रोड, शामली रोड, कोर्ट रोड, टाउन हाल रोड तथा गली मुहल्लों के अलावा गांधी कॉलोनी और नई मंडी के बाजारों में सड़कों पर दुकानें सज चुकी हैं। इन दुकानों पर अधिकांशतः गिफ्ट आइटम के अलावा सजावट के लिए झालरों, दूसरी सजावटी वस्तुओं, पूजा के लिए लक्ष्मी गणेश की प्रतिमाओं, रंग-बिरंगे तोरण, लटकन, झूमर घरों को रोशन करने के लिए एलईडी झालरों, साउंड सेंसर लाइट्स, स्मार्ट लाइट्स, लाइट वाले झूमर और झरने वाली लाइट्स के अलावा मिट्टी के बर्तनों, घरेलू प्रयोग के सामान, मिट्टी के डिजाइनर दीये और सजावटी वस्तु इन पटरी दुकानों पर उपलब्ध हैं।प्रमुख आइटम व कीमतें हर आदमी की जेब के अनुसार हैं :-

**बाजार में सामान के दाम**

| | |
|---|---|
| तोरण व बंदनवार | 70 से 800 |
| लटकन | 60 से 300 |
| झूमर | 60 से 500 |
| लक्ष्मी गणेश | 200 से 5000 |
| सुगंधित मोमबत्ती | 200 से 600 |
| एलईडी झालरें | 100 से 200 |

## जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण



**मुजफ्फरनगर, 16 अक्टूबर (बु.)।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण कर महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए दिशा-निर्देश दिए। बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक क्राइम इन्दु सिद्धार्थ के द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सेंटर में उपलब्ध कराई जा रही महिला हेल्पलाइन सेवाओं, काउंसलिंग व्यवस्था, चिकित्सा सहायता, विधिक परामर्श, अस्थायी आश्रय सुविधाओं आदि की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। डीएम व एसएसपी द्वारा सेंटर की रजिस्टर प्रविष्टियों, शिकायत निस्तारण अभिलेखों एवं परामर्श कक्षों का निरीक्षण कर सेंटर प्रभारी को निर्देश दिए।

## फुगाना पुलिस ने वाहनों से स्टीकर और प्रेशर हॉर्न हटवाए गए

**फुगाना, 16 अक्टूबर (बु.)।** ग्राम हबीबपुर सीकरी में फुगाना पुलिस और एंटी रोमियो टीम के द्वारा संयुक्त रूप से आज बृहस्पतिवार के दिन ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस ने आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्वक तरीके से सम्पन्न कराने के लिए सभी ग्रामीणों से सहयोग की अपेक्षा जताई और किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान ना देने की भी अपील की। इसके अलावा फुगाना थाने की सराय पुलिस चौकी पर आते जाते सैकड़ों वाहनों की चेकिंग की गई तथा वाहनों में लगे जाति संबंधी स्टीकर और प्रेशर हॉर्न भी हटवाए गए। इसके अलावा उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति 5.0 के तहत फुगाना पुलिस महिलाओं व बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन की भावना जगाने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देश पर फुगाना पुलिस की टीम ने क्षेत्र के गांव गांव में जाकर नारी सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण का संदेश देने का काम किया हुआ है। आज गांव? हबीबपुर सीकरी में फुगाना थानाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में महिला पुलिसकर्मियों ने उच्च प्राथमिक विद्यालय ग्राम हबीबपुर सीकरी में पहुंचकर छात्राओं से सुरक्षा संबंधी संवाद किया। इस अवसर पर फुगाना पुलिस ने थानाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में पैदल मार्च भी किया।



## पुलिस की गोली लगने से एक लुटेरा घायल, एक गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 16 अक्टूबर (बु.)। नई मंडी कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। एक लुटेरा पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों से साढ़े 4 हजार रुपए व एक बाइक बरामद की है। गांव बिलासपुर निवासी आस मोहम्मद ने थाने पर तहरीर देकर बताया था कि उसके पिता से बाइक सवार बदमाशों ने पैसे लूट लिए थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। थाना प्रभारी नई मंडी ब्रजेश कुमार शर्मा ने बताया कि उन्होंने गुप्त सूचना पर एटूजेड रोड पर बाइक सवार दो बदमाशों को रोकने का प्रयास किया, तो उन्होंनें पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में गोली लगने से बदमाश इदरीश निवासी बन्धेड़ी महावतपुर थाना सिविल लाइन रुड़की घायल हो गया, जबकि उसका साथी निहाल निवासी बन्धेड़ी महावतपुर को भी पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों से साढ़े 4 हजार रुपए, एक बाइक व एक तमंचा बरामद किया है।**

## फर्जी आईएएस बन 150 लोगों से 80 करोड़ ठगे, पकड़ा

### 150 लोगों को नौकरी का झांसा देकर ठगा

**लखनऊ, 16 अक्टूबर (एजेंसी)** खुद को गुजराज कैडर का आईएएस अधिकारी बन 150 लोगों से 80 करोड़ रुपये की ठगी का अंजाम देने वाले जालसाज झारखंड बोकारो निवासी डा. विवेक मिश्र को चिनहट पुलिस ने बृहस्पतिवार गिरफ्तार किया। आरोपी व उसकी दो बहनों के खिलाफ चिनहट थाने में वर्ष 2019 में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया था। केस की विवेचना सीबीसीआईडी कर रही है। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि गोमतीनगर विकल्पखंड निवासी सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता डा. आशुतोष मिश्र आरोपी विवेक और उसकी दो बहनों निधि व विधि मिश्र के खिलाफ 24 जुलाई 2019 को चिनहट थाने में धोखाधड़ी, जालसाजी और धमकाने का केस दर्ज कराया था। पहले केस की विवेचना आर्थिक अपराध संगठन को दी गई थी। इसके बाद शासन ने विवेचना को सीबीसीआईडी को ट्रांसफर कर दी थी। सीबीसीआईडी में तैनात इंस्पेक्टर रमेश चंद्र तिवारी इस केस की जांच कर रहे थे। इंस्पेक्टर चिनहट ने बताया कि बृहस्पतिवार को पुलिस ने कमता इलाके से आरोपी विवेक मिश्र को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि केस में नामजद विवेक की बहनों की भूमिका की जांच सीबीसीआईडी कर रही है।

इंस्पेक्टर चिनहट ने बताया कि आरोपी विवेक खुद को 2014 बैच का आईएएस अधिकारी बताता था। वह खुद को गुजरात सरकार में सचिव के पद पर तैनात होने का झांसा देकर लोगों को अपने जाल में फंसाता था। इतना ही नहीं आरोपी अपनी बहनों को गुजरात कैडर की आईपीएस अधिकारी बताता था। आरोपी ने सोशल मीडिया पर कई फर्जी अकाउंट बना रखे थे। सोशल मीडिया के माध्यम से वह खासकर सीधी-साधी युवतियों को अपने जाल में फंसाता था। युवतियों से शादी का प्रस्ताव देकर उनके परिवार के लोगों से नजदीकियां बनाकर आरोपी उन लोगों को सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करता था। शिकायतकर्ता आशुतोष मिश्र ने आरोपी का राजफाश करने के लिए अपने जूनियरों के साथ मिलकर छानबीन की तो पता चला कि आरोपी ने 150 लोगों को नौकरी दिलाने के नाम पर 80 करोड़ रुपये की ठगी का अंजाम दिया। पीड़ित ने आरोपी की सच्चाई का पता लगाने से अपने चार जूनियरों को नौकरी दिलाने के लिए संपर्क किया था। आरोपी ने किसी को गुजरात सरकार में जनसंपर्क अधिकारी और कुछ को स्पोर्ट्स कोटे से डिप्टी एसीपी की नौकरी दिलाने की बात कहते हुए 4.5 लाख रुपये ऐंठे थे और उन लोगों को फर्जी नियुक्ति पत्र भी दिया था।

## शेष समाचार : दाल मंडी में ...

गया है। यह भंडारण पूरी तरह से अवैध और सुप्रीम कोर्ट एवं एनजीटी के आदेशों का उल्लंघन है। एएसपी मिश्रा ने स्पष्ट किया कि अवैध पटाखों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। व्यापारियों को भी चेतावनी दी गई है। अधिकारियों ने कहा कि दीपावली के नजदीक आते अवैध पटाखों का कारोबार बड़े पैमाने पर चल रहा है। पिछले वर्षों में पटाखों से जुड़े कई हादसे सामने आ चुके हैं, जिसके चलते प्रशासन इस बार ऐसी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रख रहा है। इसके चलते जिले भर में अभियान के दौरान भारी मात्रा में अवैध रूप से भंडारित पटाखे और विस्फोट सामग्री जब्त की गई है। इसी क्रम में लंबा बाजार में 13 अक्टूबर को सात गोदामों में अवैध रूप से भंडार किए गए लगभग 40 क्विंटल पटाखे जब्त किए गए थे। इनकी कीमत करीब डेढ़ करोड़ है। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज की जा चुकी है और विधिक कार्रवाई प्रक्रिया में है।

## दाल मंडी में रहस्य बना पटाखों से भरा लावारिस बैग

**मुजफ्फरनगर।** दाल मंडी में पटाखा गोदाम से माल ढुलाई के मामले को लेकर विवाद के बाद बाजार में एक लावारिस बैग ने सनसनी फैला दी। इस बैग में पटाखे भरे हैं। यह बैग कथित होम गार्ड का है या फिर कोई और भगदड़ और हंगामे के बीच इसे छोड़ गया। पटाखा गोदाम पर पुलिस कार्रवाई के दौरान झोल साफ नजर आया। माना जा रहा है कि कुछ लोगों को पुरस्कृत करने के लिए पटाखे दिए गए। हंगामे के बाद बाजार में एक थैला बरामद हुआ। इसकी जांच की गई तो पता चला कि इसमें पटाखे भरे हुए थे। इसके बाद इस बात को लेकर चर्चा रही कि क्या ये बैग वही है जिसे होमगार्ड द्वारा भरना बताया गया था और हंगामे के बाद वह उसे छोड़कर फरार हो गया।



# संभल हिंसा के आरोपी शारिक साटा के खिलाफ लुकआउट नोटिस, मुल्ला अफरोज पर एनएसए एक्शन

## दोनों का निकले आईएसआई और डी कंपनी से संबंध

**संभल, 16 अक्टूबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के संभल हिंसा मामले में पुलिस का एक्शन लगातार जारी है। संभल जिले में नवंबर 2024 में हुए बवाल में चार लोगों की हत्या के आरोपी शारिक साटा देश के बड़े वाहन चोरों की सूची में शामिल है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, वह दाऊद इब्राहिम की डी गैंग और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के संपर्क में भी रहता है। आईएसआई के माध्यम से मिलने वाले नकली नोट भारत में खपाने के आरोप में दिल्ली पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है, लेकिन जमानत मिलने पर फर्जी पासपोर्ट के माध्यम से वदेश भाग गया। संभल पुलिस को जानकारी है कि वह दुबई में रहकर वाहन चोरी, हथियार सप्लाई और अन्य अवैध धंधे चलाता है। पुलिस के मुताबिक साठा के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी है। इसी के साथ चार हत्याओं के आरोपी आरोपी मुल्ला अफरोज पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) की कार्रवाई की है। उसके साथी गुलाम और वारिस पर जल्द रासुका लगेगी। पुलिस के मुताबिक जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुए बवाल के दौरान मुल्ला अफरोज, गुलाम और वारिस ने विदेशी हथियारों से गोलियां चलाई थीं। संभल के अयान, नईम, कैफ, बिलाल और रोमान की मौत हो गई थी। एक के परिवार ने कार्रवाई नहीं की थी। चार हत्या के केस लिखे गए थे। बवाल में 29 पुलिसकर्मी भी घायल हुए थे। एसपी पर जानलेवा हमला किया गया था। इससे पहले शारिक साटा गैंग के सक्रिय सदस्य मुल्ला अफरोज पर बुधवार को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई की गई। मुल्ला अफरोज को पिछले दिन वर्ष संभल हिंसा के दौरान दो युवकों की हत्या के मामले में जेल भेजा गया था। जिला प्रशासन ने उसकी आपराधिक प्रवृत्ति और समाज विरोधी गतिविधियों को देखते हुए एनएसए की कार्रवाई की है। दरअसल, 24 नवंबर 2024 को शाही जामा मस्जिद सर्वे के दौरान भड़की हिंसा में चार युवकों की मौत हुई थी। इस हिंसा में 29 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हुए थे।



## जानलेवा हमले के आरोपी को छह साल की सजा, 8 हजार का अर्थदण्ड

**मुजफ्फरनगर, 16 अक्टूबर (बु.)।** पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को न्यायालय ने 6 साल की सजा व 8 हजार रुपए के अर्थदंड से दण्डित किया है। एडीजीसी प्रवेन्द्र कुमार ने बताया कि 13 जनवरी 2020 को नई मंडी कोतवाली पुलिस वाहनों की चैकिंग कर रही थी। पुलिस ने एक संदिग्ध को रोकने का प्रयास किया, तो उसने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस मुठभेड़ में आरोपी विशाल निवासी तुलसीनगर घायल हो गया था। घायल बदमाश पर 25 हजार रुपए का इनाम था। पुलिस पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। मामले की सुनवाई विशेष एससीएसटी कोर्ट में हुई। कोर्ट ने आरोपी विशाल को छह साल की सजा व 8 हजार का अर्थदंड लगाया है।

## पॉक्सो के बढ़ते मामलों पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने जताई चिंता, अलीगढ़ राजा महेंद्र प्रताप विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बोली




**अलीगढ़, 16 अक्तूबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। हालांकि उसके बावजूद बेटियों के साथ घट रही घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। इसी बीच यूपी की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने बड़ा बयान दे दिया है। आनंदीबेन पटेल ने कहा कि प्रदेश में पॉक्सो के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है, जो बेहद चिंताजनक है। बेटियों को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि अगर बेटियां सावधान और सचेत नहीं रहीं, तो कोई नाम बदलकर आएगा और उनकी जिंदगी बर्बाद कर देगा। दरअसल राज्यपाल आनंदीबेन पटेल बुधवार को अलीगढ़ स्थित राजा महेंद्र प्रताप विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष रूप से जोर दिया और बेटियों को सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि हाल ही में एक हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति ने उनसे मुलाकात की थी, जिनसे बातचीत के दौरान यह जानकारी मिली कि प्रदेश में पॉक्सो के मामलों में चिंताजनक तेजी से बढ़ोतरी हो रही है और अधिकतर मामलों में आरोपी रिश्तेदार ही होते हैं। समारोह में उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग नाम बदलकर लड़कियों को गुमराह कर सकते हैं और उनका जीवन बर्बाद कर देंगे। इसलिए बेटियां और उनके अभिभावक सावधान रहें। इस दौरान राज्यपाल ने माता-पिता को भी जिम्मेदार ठहराया और कहा कि समाज और परिवार दोनों को मिलकर बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। वहीं कार्यक्रम के दौरान आनंदी बेन पटेल ने सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए भी जागरूकता फैलाने की अपील की।